website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 | अंक : 291 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार 28 सितम्बर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## चुनावी रणनीति को धार देने पटना पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह

### -भाजपा नेताओं संग की लंबी बैठक



नई दिल्ली (एजेंसी) बिहार में चुनावी सरगर्मियां अब बढ़ गई हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को जहां पटना में महिला संवाद किया और मोतिहारी में एक जनसभा को संबोधित किया, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बिहार पहुंचे और बिहार के भाजपा के नेताओं के साथ ताबड़तोड़ बैठकें की। गृह मंत्री अमित शाह कल शाम को पटना पहुंचे और सीधे भाजपा प्रदेश कार्यालय गए गृह मंत्री अमित शाह शाम को पटना पहुंचे और सीधे भाजपा प्रदेश कार्यालय गए। वहां उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की और चुनावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। इस बैठक में भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित अन्य कई मंत्री, सांसद और विधायक तथा कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अमित शाह ने चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन को मजबूत करने, उम्मीदवारों के चयन और चुनाव की रणनीति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की बताया जाता है कि इस बैठक में अमित शाह ने चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन को मजबूत करने, उम्मीदवारों के चयन और चुनाव की रणनीति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अपने एक्स पर पोस्ट किया, "आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में आयोजित प्रदेश पदाधिकारीगण एवं प्रवासी प्रभारी की बैठक हुई।" निश्चित ही यह संवाद संगठन की मजबूती के साथ-साथ बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक विजय एवं सुशासन के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करेगा उन्होंने आगे लिखा, "इस बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, बिहार विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा बिहार प्रभारी विनोद तावड़े का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। निश्चित ही यह संवाद संगठन की मजबूती के साथ-साथ बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक विजय एवं सुशासन के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करेगा।" इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह बेतिया पहुंचे, जहां उन्होंने चंपारण और सारण क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आगामी चुनाव के संबंध में बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह बेतिया पहुंचे, जहां उन्होंने चंपारण और सारण क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आगामी चुनाव के संबंध में बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। इन क्षेत्रों के 10 संगठनात्मक जिलों के 45 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में सांसद, एमएलए, विधान परिषद सदस्य, पार्टी के जिला अध्यक्ष, पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य और विधानसभा के प्रभारी शामिल हुए बताया गया कि इस बैठक में सांसद, एमएलए, विधान परिषद सदस्य, पार्टी के जिला अध्यक्ष, पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य और विधानसभा के प्रभारी शामिल हुए। बताया गया कि इस बैठक में शाह ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी के बारे में पूरी जानकारी ली। शाह का आज समस्तीपुर और अररिया जाने का कार्यक्रम है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया में 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश समझौते

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दूसरे दिन 21 कंपनियों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे इस कार्यक्रम में निवेश के लिए समझौतों की कुल कीमत 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है।

**एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन 21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया**

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन 21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया। भारत मंडपम में समिट के दूसरे दिन वैश्विक नियामक, इंडस्ट्री लीडर्स, स्टार्टअप और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। बातचीत में सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी, निवेश और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कार्यक्रम के पांच स्तंभों पर केंद्रित 13 सत्र आयोजित किए**

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कार्यक्रम के पांच स्तंभों पर केंद्रित 13 सत्र आयोजित किए। इसमें पेट फूड, स्पेशलिटी फूड, न्यूट्रास्यूटिकल्स, शराब और प्लांट-बेस्ड फूड जैसे मुख्य विषय शामिल थे। बयान में कहा गया कि इस दिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, झारखंड और बिहार जैसे




भागीदार राज्यों के साथ न्यूजीलैंड, वियतनाम, जापान और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के सत्र भी हुए।

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और विश्व बैंक ने भी चर्चाएं आयोजित कीं**

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और विश्व बैंक ने भी चर्चाएं आयोजित कीं। बयान में कहा गया कि सम्मेलन के हिस्से के रूप में, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में सहयोग को मजबूत करने के लिए रूस और पुर्तगाल के समकक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें हुईं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 कार्यक्रम के पहले दिन कहा कि भारत में विविधता, मांग और पैमाने की ट्रिपल ताकत है**

इसी समय, भारत समुद्री खाद्य निर्यातक संघ द्वारा आयोजित 24वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो में देश की बढ़ती समुद्री खाद्य निर्यात क्षमता और वैश्विक बाजार के संबंध दिखाए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 कार्यक्रम के पहले दिन कहा कि भारत में विविधता, मांग और पैमाने की ट्रिपल ताकत है।

**आज भारत की पहचान दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में होती है**

पीएम मोदी ने भी जोर देते हुए कहा कि घरेलू मांग में यह ताकत भारत को प्रतिस्पर्धी बढ़त देती है और इसे निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थान बनाती है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत की पहचान दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में होती है। इनमें से कई सारे स्टार्टअप्स फूड और एग्रीकल्चर सेक्टर में काम कर रहे हैं। भारत में डाइवर्सिटी, डिमांड और इनोवेशन सभी कुछ मौजूद हैं। इन्वेस्टमेंट का भारत में विस्तार करने का यही समय है।

## विदेश मंत्रियों के साथ बैठक में जयशंकर ने आपसी संबंधों को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र के दौरान कई देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। इन मुलाकातों का उद्देश्य भारत के रिश्तों को



और मजबूत करना और अलग-अलग देशों के वैश्विक दृष्टिकोण को समझना था।

**बैठकों में बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार और व्यापार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई**

उन्होंने तीन समूहों की बैठकों में भी भाग लिया: ब्रिक्स (प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का दस सदस्यीय समूह); आईबीएसए (भारत-ब्राज़ील-दक्षिण अफ्रीका समूह), और भारत तथा सीईएलएसी (लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई राज्यों का समुदाय) का एक संयुक्त सम्मेलन। इन बैठकों में बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार और व्यापार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

**जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों, यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर बातचीत की**

जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों, यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर बातचीत की। संयुक्त अरब अमीरात के उपप्रधानमंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से उन्होंने दोनों देशों के सहयोग और होने वाली संयुक्त आयोग बैठक की तैयारियों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि उन्हें उनके विचार मौजूदा वैश्विक हालात पर उपयोगी लगे।

**भारत और ऑस्ट्रिया की साझेदारी को मजबूत करना दोनों देशों के साथ-साथ यूरोप के लिए भी लाभकारी है**

ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीट माइनल-राइजिंगर ने मुलाकात के बाद जयशंकर को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया की साझेदारी को मजबूत करना दोनों देशों के साथ-साथ यूरोप के लिए भी लाभकारी है। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने भारत और यूरोप के सामने मौजूदा चुनौतियों और अवसरों पर गहन चर्चा की। इसके अलावा जयशंकर ने एंटीगुआ-बारबुडा, उरुग्वे, इंडोनेशिया, सिएरा लियोन और रोमानिया के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात की।

**वैश्विक दक्षिण की आवाज का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर सहमत हैं**

भारत-सीईएलएसी बैठक की सह-अध्यक्षता कोलंबिया की विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेनियो के साथ करते हुए, जयशंकर ने "एक्स" पर कहा कि वे "वैश्विक दक्षिण की आवाज का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की तत्काल आवश्यकता" पर सहमत हैं।

**बैठक में कृषि, व्यापार, स्वास्थ्य, डिजिटल तकनीक, आपदा राहत और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी**

बैठक में कृषि, व्यापार, स्वास्थ्य, डिजिटल तकनीक, आपदा राहत और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। उन्होंने आगे कहा कि वे एआई, प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिजों, अंतरिक्ष और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी सहमत हुए।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया का दावा:

## 4जी नेटवर्क और बीएसएनएल टावर से डिजिटल इंडिया को नई ताकत

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में डिजिटल



कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में भारत के पूरी तरह स्वदेशी 4जी स्टैक और 97,500 से अधिक स्वदेशी बीएसएनएल टावरों का उद्घाटन करने जा रहे हैं।

**इस पहल से पूरे देश में 100 प्रतिशत 4G कवरेज सुनिश्चित होगा, जिससे हर नागरिक की डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस पहल से पूरे देश में 100 प्रतिशत 4G कवरेज सुनिश्चित होगा, जिससे हर नागरिक की डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा, "भारत के दूरसंचार क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर और बीएसएनएल के 25 शानदार वर्षों के जश्न के अवसर पर, पीएम मोदी ओडिशा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, असम, गुजरात और बिहार में भारत के पूरी तरह स्वदेशी 4जी स्टैक और 97,500 से अधिक स्वदेशी बीएसएनएल टावरों का उद्घाटन करेंगे।"

**ये पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी छलांग हैं, जो भारत को टेलीकम्युनिकेशन के सेक्टर में एक ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करती हैं**

उन्होंने कहा कि ये पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी छलांग हैं, जो भारत को टेलीकम्युनिकेशन के सेक्टर में एक ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करती हैं। केंद्रीय मंत्री ने एक वीडियो शेयर कर कहा, "भारत को जोड़ने के 25 वर्ष, स्वदेशी ताकत पर आधारित भविष्य। बीएसएनएल अपनी सिल्वर जुबली 'मेड इन भारत' 4जी क्रांति के साथ मना रहा है।"

**बीएसएनएल का 4जी स्टैक स्वदेशी भावना का प्रतीक है**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के एक लेख को रिपोस्ट करते हुए 'पीएमओ इंडिया' ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बीएसएनएल का 4जी स्टैक स्वदेशी भावना का प्रतीक है। पीएमओ ने पोस्ट में कहा, "92,000 से अधिक साइटों के साथ 22 मिलियन भारतीयों को जोड़कर, यह भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा को दर्शाता है, जो रोजगार, निर्यात, आर्थिक पुनरुद्धार को बढ़ावा देता है और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।"

### बरेली में इंटरनेट बंद, मौलाना तौकीर रजा गिरफ्तार

## CM योगी बोले: "ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी"

बरेली। यूपी के बरेली में जुमे की नमाज़ के बाद 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर को लेकर भड़के बवाल के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। शनिवार शाम को पूरे जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। वहीं हिंसा की जांच के लिए 10 दिन में रिपोर्ट देने वाली विशेष जांच टीम बनाई गई है।

पुलिस ने इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 39 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मौलाना को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पहले उन्हें बरेली जेल में रखा गया, बाद में शाम को फतेहगढ़ जेल शिफ्ट कर दिया गया।

इसी मामले में पुलिस ने 2000 अज्ञात लोगों पर 5 थानों में मुकदमे दर्ज किए हैं। दर्ज 10 मुकदमों में से 7 में तौकीर रजा का नाम शामिल है।

**CM योगी का सख्त बयान**

लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–

"मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। उसे लगता



था धमकी देंगे और जबरदस्ती जाम करेंगे। हमने साफ कहा, जाम नहीं होगा और कर्फ्यू भी नहीं लगेगा। ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ियां दंगा करना भूल जाएंगी।"

**सड़कों पर नए होर्डिंग्स**

इधर, लखनऊ में नए होर्डिंग लगाए गए हैं जिन पर लिखा है– "I Love श्री योगी आदित्यनाथ जी" और "I Love Bulldozer"।

**बाराबंकी में भी तनाव**

बाराबंकी में शुक्रवार देर रात 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर फाड़ने पर हंगामा हो गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस तैनात हुई और हालात काबू में किए।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन 2029 तक पूरी तरह से हो जाएगी चालू : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली (एजेंसी) । केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन 2029 तक चालू हो जाएगी और गुजरात में सूरत और बिलिमोरा के बीच भारत के पहले हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का 50 किमी का हिस्सा 2027 तक खुलने की उम्मीद है।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने निर्माणाधीन सूरत स्टेशन का निरीक्षण किया, जिसमें ट्रैक बिछाने और पहला टर्नआउट शामिल था**

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने निर्माणाधीन सूरत स्टेशन का निरीक्षण किया, जिसमें ट्रैक बिछाने और पहला टर्नआउट शामिल था। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, बुलेट ट्रेन से मुंबई और अहमदाबाद के बीच की दूरी दो घंटे सात मिनट में तय की जा सकेगी, जबकि गूगल मैप्स पर यह दूरी 9 घंटे की दिखाई जाती है।

**केंद्रीय मंत्री ने कहा, पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की कुल प्रगति बहुत अच्छी रही है**

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की कुल प्रगति बहुत अच्छी रही है। सूरत और बिलिमोरा के बीच पहला 50 किमी का सेक्शन 2027 तक खुल जाएगा। 2028 तक, ठाणे-अहमदाबाद सेक्शन चालू हो जाएगा और 2029 तक पूरी मुंबई-अहमदाबाद लाइन खुल जाएगी।"



**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया**

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया, जिसमें ट्रैक के किनारे वाइब्रेशन एब्जॉर्ब करने वाले सिस्टम और तेज हवा और भूकंप से निपटने के लिए खास सुरक्षा सुविधाएं शामिल हैं।

**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सूरत स्टेशन पर निर्माण कार्य पूरा हो गया है और ट्रैक जोड़ने के साथ-साथ फिनिशिंग और यूटिलिटी का काम चल रहा है**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सूरत स्टेशन पर निर्माण कार्य पूरा हो गया है और ट्रैक जोड़ने के साथ-साथ फिनिशिंग और यूटिलिटी का काम चल रहा है। पहले टर्नआउट को रोलर बियरिंग और कंपोजिट स्लीपर जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लगाया गया है।

**मेन लाइन को 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के लिए डिजाइन किया गया है**

मेन लाइन को 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि लूप लाइन 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। सेवाओं को इस तरह डिजाइन किया गया है कि सुबह और शाम के पीक टाइम में हर आधे घंटे में एक ट्रेन चलेगी।

**केंद्रीय मंत्री ने पहले कहा था कि जब पूरा नेटवर्क स्थिर हो जाएगा तो पीक टाइम में हर 10 मिनट में एक ट्रेन चलेगी**

केंद्रीय मंत्री ने पहले कहा था कि जब पूरा नेटवर्क स्थिर हो जाएगा तो पीक टाइम में हर 10 मिनट में एक ट्रेन चलेगी। इस प्रोजेक्ट से कॉरिडोर के किनारे प्रमुख शहरों की अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ जोड़ने और जापान की हाई-स्पीड रेल के बाद हुए विकास की तरह क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।508 किमी लंबी मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर भारत का पहला बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट है।

## सूरत- बरहामपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस चलने से यात्री खुश,पीएम का आभार जताया

नई दिल्ली (एजेंसी) । गुजरात के उधना (सूरत) और ओडिशा के बरहामपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत हो चुकी है। ट्रेन यात्रियों ने नई सुविधा से लैस अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर सूरत में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहे।



अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए दोनों राज्यों के बीच किफायती और आरामदायक संपर्क बनाने और प्रमुख आर्थिक जिलों को जोड़ने की कोशिश की गई है

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए दोनों राज्यों के बीच किफायती और आरामदायक संपर्क बनाने और प्रमुख आर्थिक जिलों को जोड़ने की कोशिश की गई है। ट्रेन यात्रियों का कहना है कि दीवाली और छुट्टियों में ओडिशा जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। उन्होंने नई सुविधा से लैस अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

माधव प्रधान ने बताया कि सूरत से बरहामपुर जाना पहले मुश्किल था, क्योंकि ट्रेन सीधे बरहामपुर तक नहीं जाती थी

माधव प्रधान ने बताया कि सूरत से बरहामपुर जाना पहले मुश्किल था, क्योंकि ट्रेन सीधे बरहामपुर तक नहीं जाती थी। अब अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत होने से फायदा होगा।अजय दुबे ने कहा, "जो ट्रेन शुरू हुई है, यह बेहद अच्छा फैसला है। इससे पहले ट्रेनों में भारी भीड़ रहती थी, लेकिन नई ट्रेन शुरू होने से भीड़ कम होगी और लोगों को सफर में सुविधा होगी।"

कैलाश साईं ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से अब उन्हें अपने घर आने-जाने में सुविधा होगी

कैलाश साईं ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से अब उन्हें अपने घर आने-जाने में सुविधा होगी। इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार को सूरत पहुंचे और उधना रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उनके साथ केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी मौजूद रहे।

सूरत एक तेजी से विकसित होने वाला शहर है और यहां इकोनॉमिक एक्टिविटी के कारण देशभर के लोग काम करने के लिए आते हैं

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उधना रेलवे स्टेशन का भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नवनिर्माण हो रहा है। सूरत एक तेजी से विकसित होने वाला शहर है और यहां इकोनॉमिक एक्टिविटी के कारण देशभर के लोग काम करने के लिए आते हैं। यहां टेक्सटाइल और डायमंड सेंटर हैं। यहां से ट्रेन की डिमांड बहुत होती है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### अस्पतालों में चूहों का आतंक: मासूम की मौत ने खोली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

अस्पतालों में चूहों का आतंक सुनने में भले ही मामूली लगे, लेकिन जब यह भयावह हकीकत मासूम नवजातों की जान पर बन आती है तो पूरा समाज सिहर उठता है। मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एमवाय अस्पताल में हुई हालिया घटना ने न सिर्फ चिकित्सा व्यवस्था की खामियों को उजागर किया है बल्कि यह भी दिखाया है कि हमारी संवेदनशीलता किस हद तक खो चुकी है। यह मामला इसलिए और भी दर्दनाक हो जाता है क्योंकि यह अस्पताल प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल माना जाता है, जहां आम आदमी आखिरी उम्मीद लेकर पहुंचता है। एमवाय अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती दो मासूम शिशुओं पर चूहों ने हमला किया और उनमें से एक ने दम तोड़ दिया। सोचने वाली बात है कि एनआईसीयू जैसे संवेदनशील और सख्त निगरानी वाले वार्ड में चूहों का घुस जाना किस स्तर की लापरवाही का सबूत है। ऐसे वार्ड मरीजों और परिजनों को विश्वास दिलाने के लिए बनाए जाते हैं कि यहां चौबीसों घंटे देखरेख और सुरक्षा होगी। यह विश्वास तब चकनाचूर हो जाता है जब वहां बच्चों को इलाज की जगह असुरक्षा और मौत मिलती है। सरकारें और प्रशासन समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दावे करते हैं, लेकिन जब अस्पतालों में इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं तो वे सारे दावे खोखले साबित होते हैं। इंदौर जैसे बड़े शहर में जहां राज्य का स्वास्थ्य ढांचा सबसे बेहतर माना जाता है, वहां ऐसी घटनाएं हो जाना पूरे सिस्टम की गंभीर विफलता को दर्शाता है। सवाल यह भी उठता है कि अगर सबसे बड़े अस्पताल में हालात इतने भयावह हैं तो छोटे शहरों और कस्बों के अस्पतालों में स्थिति किस कदर दयनीय होगी। अस्पतालों में चूहों का प्रवेश कोई अचानक घटी घटना नहीं है। यह साफ तौर पर सफाई व्यवस्था की लापरवाही, ठेकेदारी सिस्टम की खामियां और प्रशासनिक उदासीनता का नतीजा है। अस्पतालों में संक्रमण और बीमारियों से बचाव के लिए सफाई को सबसे अहम माना जाता है, लेकिन जब सफाई के इंतजाम केवल कागजों पर सीमित रह जाएं तो नतीजा ऐसे ही हादसों के रूप में सामने आता है। यह घटना इसलिए भी विचलित करती है क्योंकि अस्पतालों के ये गहन चिकित्सा केंद्र ही वह जगह होते हैं जहां लोग अंतिम उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। जब वही जगह असुरक्षा का गढ़ बन जाए तो लोगों का भरोसा पूरी तरह टूट जाता है। इस मामले ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हमारे अस्पताल सिर्फ इमारतों और मशीनों का ढांचा रह गए हैं जिनमें मानवीय संवेदनशीलता और जिम्मेदारी गायब हो चुकी है। डॉक्टर और नर्स अपनी ड्यूटी निभाते हैं, लेकिन जब तक अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन सजग नहीं होगा, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। अस्पतालों को केवल इलाज का केंद्र नहीं बल्कि सुरक्षित आश्रय होना चाहिए, जहां मरीज और उनके परिजन विश्वास के साथ आ सकें। जरूरत इस बात की है कि सरकार केवल जांच कमेटी गठित करने या जिम्मेदारी तय करने तक सीमित न रहे।

# तकनीक और समझ: चैटजीपीटी के युग में बदलती दुनिया, अति निर्भरता से बचकर जिम्मेदार उपयोग की ज़रूरत

## जिम्मेदार और संतुलित उपयोग की आवश्यकता

आज का दौर विज्ञान और तकनीक का है। इंसान ने अपनी जरूरतों और आराम के लिए हमेशा साधन बनाए हैं, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence – AI) ने जिस तेजी से जीवन के हर पहलू को प्रभावित किया है, वह अपने आप में क्रांति से कम नहीं है। गांवों से लेकर बड़े शहरों तक, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, बैंकिंग से लेकर कारोबार तक—हर क्षेत्र में एआइ की गहरी पैठ बन चुकी है। इस तकनीक ने इंसान की क्षमताओं को कई गुना बढ़ाया है, लेकिन साथ ही इसके सामने कई गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं—क्या हम तकनीक पर अति निर्भर होकर अपनी सोच, मौलिकता और रचनात्मकता खो देंगे? क्या मशीनों पर अत्यधिक भरोसा समाज के संतुलन को बिगाड़ देगा? और सबसे अहम, इस तकनीक के नैतिक उपयोग को कैसे सुनिश्चित किया जाए?

**एआइ: हर क्षेत्र में गहरी पैठ**

स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति: स्वास्थ्य क्षेत्र में एआइ ने सबसे बड़ा बदलाव लाया है। आज मशीन लर्निंग और डेटा विश्लेषण के जरिए रोगों की पहचान पहले से कहीं अधिक तेज और सटीक हो रही है। मरीजों के एक्स-रे, एमआरआई और स्कैन रिपोर्ट को एआइ एल्गोरिद्म कुछ ही सेकंड में पढ़कर संभावित बीमारियों का संकेत दे सकते हैं। इससे डॉक्टरों का समय बचता है और इलाज की प्रक्रिया तेज होती है। दूरदराज के गांवों में भी एआइ आधारित टेलीमेडिसिन सेवाएं मरीजों तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह पहुँचा रही हैं। रोबोटिक सर्जरी के जरिए जटिल ऑपरेशन अधिक सुरक्षित और सटीक बन रहे हैं। दवाओं के शोध में भी एआइ तेजी से नई दवाओं की खोज कर रहा है, जो पहले सालों का काम होता था।

**शिक्षा में बदलाव**

एआइ ने शिक्षा के क्षेत्र में भी गहरी छाप छोड़ी है। छात्र की क्षमता और रुचि के अनुसार पर्सनलाइज्ड लर्निंग (व्यक्तिगत सीखने की सुविधा) उपलब्ध कराई जा रही है। चैटजीपीटी जैसे टूल्स विद्यार्थियों को प्रश्नों के उत्तर ढूंढने, निबंध लिखने और जटिल विषय समझने में मदद करते हैं। शिक्षक भी अब एआइ टूल्स से छात्रों की प्रगति का विश्लेषण कर सकते हैं और उनकी कमजोरियों पर विशेष ध्यान दे सकते हैं। हालांकि, यही वह जगह है जहां मौलिकता और रचनात्मकता को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी हो जाता है, क्योंकि अगर विद्यार्थी केवल मशीन पर निर्भर हो जाएं तो उनकी सोचने-समझने की क्षमता कमजोर हो सकती है।





**कारोबार और बैंकिंग**

बैंकों में लोन प्रोसेसिंग, ग्राहक सेवा, जोखिम मूल्यांकन और धोखाधड़ी की पहचान अब एआइ से अधिक सरल हो गई है। चैटबॉट्स 24 घंटे ग्राहकों की समस्याएं हल कर रहे हैं। कंपनियां एआइ से लागत घटाकर और दक्षता बढ़ाकर प्रतिस्पर्धा में आगे निकल रही हैं। ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग में एआइ ग्राहकों की पसंद के आधार पर सुझाव देकर बिक्री बढ़ा रहा है।

**सुरक्षा व्यवस्था**

आज के समय में सुरक्षा के लिए एआइ आधारित तकनीक अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। सीसीटीवी कैमरे और फेस रिकॉग्निशन सिस्टम अपराधियों की पहचान आसानी से कर लेते हैं। सीमा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा में भी एआइ बड़ी भूमिका निभा रहा है। बड़े आयोजनों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ नियंत्रण और निगरानी एआइ आधारित तकनीक से अधिक सुरक्षित हो गई है।

**एआइ की ताकत: क्यों है यह अनिवार्य?**

एआइ के कई ऐसे फायदे हैं, जिन्होंने इसे आधुनिक समाज का अनिवार्य हिस्सा बना दिया है। 24 घंटे बिना थके काम करने की क्षमता। बड़े डेटा का विश्लेषण करने की शक्ति। तेजी और सटीकता के साथ निर्णय लेना। जटिल समस्याओं का समाधान। मनुष्य की सीमाओं से परे जाकर काम करने की योग्यता। इन्हीं खूबियों की वजह से दुनिया भर में सरकारें, कंपनियां और संस्थाएं एआइ पर तेजी से निवेश कर रही हैं।

**अति निर्भरता के खतरे**

हालांकि, हर तकनीक के साथ उसके दुष्प्रभाव भी आते हैं। एआइ पर अति निर्भरता के खतरे भी गंभीर हैं।

**मौलिकता और रचनात्मकता का ह्रास**

जब विद्यार्थी या लेखक हर काम के लिए चैटजीपीटी जैसे टूल्स पर निर्भर हो जाएंगे तो उनकी कल्पना शक्ति कमजोर पड़ सकती है। इंसान की मौलिक सोच ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे मशीन कभी पूरी तरह से नहीं दोहरा सकती।

**नौकरी पर खतरा**

ऑटोमेशन और एआइ की वजह से कई परंपरागत नौकरियां खत्म हो रही हैं। ग्राहक सेवा, डेटा एंट्री, अकाउंटिंग, यहाँ तक कि पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों में भी एआइ का सीधा असर दिखने लगा है।

**गोपनीयता और डेटा सुरक्षा**

एआइ को काम करने के लिए बड़े पैमाने पर डेटा चाहिए। लेकिन इस डेटा के गलत उपयोग से व्यक्तिगत गोपनीयता खतरे में पड़ सकती है।

**पक्षपात और भेदभाव**

अगर एआइ सिस्टम को पक्षपातपूर्ण डेटा से प्रशिक्षित किया गया है, तो उसका निर्णय भी पक्षपातपूर्ण हो सकता है। यह समाज में असमानता और भेदभाव को और गहरा कर सकता है।

**तकनीकी गुलामी**

यदि इंसान मशीन पर इतना निर्भर हो जाए कि बिना उसके सोच भी न सके, तो यह मानसिक और सामाजिक रूप से गुलामी की ओर ले जाएगा।

**नैतिक चिंताएं और जिम्मेदार उपयोग**

एआइ के बढ़ते प्रयोग के साथ-साथ नैतिक सवाल भी जोर पकड़ रहे हैं। क्या मशीनों को इतना अधिकार देना सही है कि वे इंसान के लिए फैसले लें? अगर कोई एआइ गलती करता है, तो जिम्मेदारी किसकी होगी? युद्ध और हथियारों में एआइ का इस्तेमाल कितना खतरनाक हो सकता है? इन सवालों के जवाब ढूंढना समाज और नीति निर्माताओं के लिए बेहद जरूरी है।

**जिम्मेदार उपयोग के लिए सुझाव**

नीतिगत नियंत्रण

सरकारों को एआइ के उपयोग के लिए कड़े कानून बनाने चाहिए, ताकि इसका दुरुपयोग न हो।

शिक्षा और प्रशिक्षण

विद्यार्थियों और युवाओं को एआइ का सही उपयोग सिखाया जाए, ताकि वे इसे मददगार के रूप में इस्तेमाल करें, न कि पूरी तरह से उस पर निर्भर हो जाएं।

मानवीय निगरानी

किसी भी एआइ आधारित निर्णय के पीछे मानवीय निगरानी होना अनिवार्य होना चाहिए।

डेटा गोपनीयता

व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

नैतिक दिशानिर्देश

वैश्विक स्तर पर एआइ के लिए नैतिक दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए।

**भारत में एआइ का भविष्य**

भारत जैसे बड़े और विविधता भरे देश में एआइ का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। कृषि में स्मार्ट तकनीक से किसानों को बेहतर उत्पादन मिलेगा। शिक्षा में डिजिटल टूल्स से ग्रामीण इलाकों के बच्चों तक भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँच सकेगी। स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ होंगी। प्रशासनिक पारदर्शिता और ई-गवर्नेंस मजबूत होगा। लेकिन यह तभी संभव होगा जब एआइ का प्रयोग संतुलित और जिम्मेदारी से किया जाएगा। एआइ ने दुनिया को बदलने की रफ्तार तेज कर दी है। यह तकनीक इंसान के लिए वरदान साबित हो सकती है, बशर्ते इसका इस्तेमाल समझदारी और जिम्मेदारी से किया जाए। अगर हम इस पर अंधाधुंध निर्भर हो जाएंगे, तो अपनी सबसे बड़ी ताकत—मौलिकता और रचनात्मकता—खो बैठेंगे। इसलिए ज़रूरी है कि एआइ को सहयोगी के रूप में अपनाया जाए, मालिक के रूप में नहीं। समय की मांग यही है कि तकनीक और समझ दोनों का संतुलन बनाए रखा जाए। एआइ हमारी जिंदगी को आसान बनाने के लिए है, लेकिन इंसान की असली पहचान उसकी सोच, संवेदनशीलता और रचनात्मकता ही है, जिसे कोई भी मशीन कभी प्रतिस्थापित नहीं कर सकती।

## सारा संसार



केरल के कासरगोड में मधुवाहिनी नदी के तट पर स्थित मधुर महागणपति मंदिर भारत का एक और प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो भक्तों के बीच आस्था का केंद्र होने के साथ साथ अपनी स्थापत्य सुंदरता और ऐतिहासिक संरचना के लिए भी जाना जाता है। इस प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण 10 वीं शताब्दी में कुंबला के मायपदी राजाओं द्वारा करवाया गया था। भगवान गणेश की मूर्ति की विशिष्टता इसे लोकप्रिय बनाती है।

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित

दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## व्यवहार

योगेंद्र माथुर



### समाज में बढ़ता अमर्यादित आचरण का संक्रमण

अमर्यादित आचरण-व्यवहार हमारे आधुनिक जीवन की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह से रात्रि तक की दिनचर्या में परिवार-कुल की पीढ़ियों के संस्कार बहुत पीछे छूटते दिखाई देने लगे हैं। दिनभर की शुभता के लिए सुबह जागते ही 'कराग्रे वसते लक्ष्मीः, कर मध्ये सरस्वती, कर मुले तू गोविंदम, प्रभाते कर दर्शनम।' बीज मंत्र के साथ हथेलियों के प्रथम दर्शन करने की सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण दार्शनिक व्यवस्था या परम्परा के स्थान पर आधुनिक जीवन की दिनचर्या का आरंभ 'मोबाइल दर्शन' के साथ 'हैलो-हाय' से हो रहा है। मोबाइल संस्कृति में पोषित-पल्लवित व कथित 'स्टेटस मेंटेन' करने की अंधी होड़ में लगे नवकुबेर या धनाढ्य वर्ग के लोगों सहित पाश्चात्य जीवन शैली को पसंद करने वाले प्रायः अन्य सभी वर्गों के लोगों को पहनने-ओढ़ने, खाने-पीने, सोने-जागने से लेकर उठने-बैठने, कहीं आने-जाने, कुछ भी खरीदने-बेचने और चाहे जैसा या कुछ भी बोलने तक के तौर-तरीकों में कोई रोक-टोक या बंधन स्वीकार नहीं है। ट्रैफिक के नियमों का पालन करना ये लोग जानते नहीं, कहीं भी लाइन तोड़कर बीच में घुसना विशेषाधिकार समझा जाता हैं। रिश्तों की गरिमा दिन-ब-दिन क्षीण होती नजर आ रही है। बड़े-बुजुर्गों का सम्मान ताक पर रखा गया लगता है। अनाचार, व्याभिचार तेजी से बढ़ता दिख रहा है। परिधान कितना ही अश्लील या भद्दा लगे, 'हमे जो अच्छा लगेगा वहीं पहनेंगे, आपकी मर्जी का थोड़े ही पहनेंगे।' सभ्यता, शिष्टाचार केवल शब्दकोश के शब्द तक सीमित रह गए लगते हैं। पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति के रंग में रंगी हमारी किशोर व युवा पीढ़ी में यह निरंकुशता अधिक दिखाई देती है। पब बार या कॉकटेल पार्टियों से देर रात घर लौटने और सुबह देर तक सोई रहने वाली आधुनिक युवा पीढ़ी सहित अमर्यादित जीवन जीने व असभ्य आचरण-व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले लोग अपने जीवन के साथ साथ परिवार, समाज व राष्ट्र तक के वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। महानगरों से आरंभ हुई यह कुसंस्कृति मध्यम श्रेणी के शहरों से होती हुई अब कस्बेनुमा शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों तक को संक्रमित कर रही है। ऐसा भी नहीं कि समूचे समाज या राष्ट्र में मर्यादा या संस्कारों का सूखा पड़ गया है। सभ्य, सुशिक्षित, संस्कारित व भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने वाले लोग भी हैं जो भारतीय संस्कृति की सुगंध समूची दुनिया में फैलाने में लगे हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा वह वर्ग भी है जो बड़े सपने देख रहा है और उन्हें कार्यरूप में परिणित कर नित नई उपलब्धियों के साथ सफलता के उच्च कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अपनी शिक्षा, कार्य व संस्कार के माध्यम से देश सेवा में जुटे ऐसे ही लोगों के दम पर भारत विकास के नए आयाम छू रहा है और 'विश्व गुरु' बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। लेकिन समाज व राष्ट्र की कड़वी सच्चाई यह है कि स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता व उच्छृंखलता अधिक बढ़ती दिख रही है। स्वस्थ व सुंदर समाज के निर्माण के मान से यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन





## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। - विकास शर्मा, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### मां दुर्गा की पूजा



नवरात्रि के दौरान, पश्चिम बंगाल एक विशेष ऊर्जा और आनंद से भरपूर होता है। आज कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की। उनकी कृपा से सभी का कल्याण हो।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मिग-21



भारत की सुरक्षा यात्रा में मिग -21 एक सारथी की तरह हमेशा हमारे साथ रहा। आने वाले समय में दुनिया कहेगी कि भारत वही देश है जिसने मिग -21 से शुरुआत की और आज फ्यूचर टेक्नॉलजी में विश्व का लीडर बना।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### पेपर लीक



देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की ज़िंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का यूकेएसएसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है। बीजेपी ने चोरी से लाखों युवाओं की पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### लखपति दीदी अभियान



मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने केंद्र सरकार के लखपति दीदी अभियान को भी नई मजबूती दी है। मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान, बैंक दीदी अभियान... ये सब भी आपके लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बना रहे हैं।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

### हंगरी, रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा: पीएम

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा। ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा।



फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने सरकारी रेडियो को दिए एक बयान में कहा कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। ओर्बन ने कहा, मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा ... कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी... इसका मतलब है कि हंगरी की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी।"

## ऑफ बीट

### जानवरों के लिए अस्तित्व की लड़ाई में रंग बड़ा हथियार

जानवरों की दुनिया अविश्वसनीय रूप से रंगीन है और रंग अस्तित्व के लिए लगातार जारी संघर्ष में अहम हथियार साबित होते हैं। ज्यादातर जानवर शिकारियों से बचने के लिए छलावरण का सहारा लेते हैं।



वहीं, कुछ जानवर गहरे और चमकीले रंग दिखाकर संभावित शिकारियों को आगाह करते हैं कि वे उनके लिए उपयुक्त शिकार नहीं हैं। शिकारियों को आगाह करने की यह रणनीति "एपोसेमेटिज्म" या चेतावनी रंगीकरण कहलाती है। हालांकि, "एपोसेमेटिज्म" छलावरण से कम प्रचलित है, लेकिन पर्यावरणीय दबावों के कारण तितलियों, भृंगों, कीड़ों, समुद्री स्लग, जहरीले मेंढकों और यहां तक कि पक्षियों ने भी स्वतंत्र रूप से इस रणनीति को अपना लिया है। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि जानवरों की विभिन्न नस्लें इनमें से किसी एक रणनीति का इस्तेमाल क्यों करती हैं। क्या इनमें से कोई एक रणनीति आमतौर पर ज्यादा सफल होती है? किन विशिष्ट परिस्थितियों में एक रणनीति दूसरी रणनीति से बेहतर साबित होती है? 'साइंस' पत्रिमा में शुक्रवार को प्रकाशित हमारा नया अध्ययन इन सवालों के जवाब देने की कोशिश करता है।

रॉयल पत्रिका

# भाजपा 25 दिसंबर तक चलाएगी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

## -स्वदेशी अपनाने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित- डॉ. भोला सिंह




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री, सांसद एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ. भोला सिंह ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर देश में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को बढ़ावा दे रहे है। आत्मनिर्भरता का आह्वान देशभर में विभिन्न आयामों में गूंज रहा है, फिर चाहे वो भारतीय पर्यटन स्थलों के भ्रमण का मामला हो या स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए वोकल फॉर लोकल का आह्वान हो। भारतीय जनता पार्टी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के माध्यम से देश के हर नागरिक तक पहुंचेगी और स्वदेश अपनाने का आह्वान करेंगी। इसके लिए 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती से 25 दिसंबर श्रद्धेय अटल जी की जयंती तक इस अभियान को चलाएगी।
सांसद डॉ. भोला सिंह ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के पहले चरण के तहत अक्टूबर माह में भाजपा सभी जिलों में तथा दूसरे चरण में नवंबर, दिसंबर में सभी मंडलों में जागरूकता अभियान चलाएगी। इसमें संबंधित सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों तथा हितधारकों के साथ सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान व्यापारी सम्मेलन, उद्योग सम्मेलन, प्रभात फेरी, मशाल यात्रा, नुक्कड नाटक, मेला, किसान मार्च जैसे आयोजन किए जाएंगे। इसमें भारतीय उत्पादों के उपयोग और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। डॉ. भोला सिंह ने आह्वान किया कि हम सभी स्वदेशी अपनाएं, विदेशी से दूरी बनाएं। इस अभियान को हमें हर घर की रसोई से शुरू करना चाहिए। रसोई के उत्पादों में स्वदेशी उत्पाद और भारत में निर्मित उत्पाद के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। अभियान के प्रदेश संयोजक एवं सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि अभियान के सफल आयोजन के लिए प्रदेश की कार्यशाला शनिवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इसके बाद जिला स्तर पर कार्यशाला होगी। इस अभियान के तहत सभी जिलों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा निकाली जाएगी। आत्मनिर्भर भारत विषय पर सेमिनार, स्कूल-कॉलेजों में निबंध, कविता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दीपावली पर्व के समय लोगों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने एवं दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। विदेशी लाइटिंग उत्पादों की जगह दीयों के उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भडाणा, प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, स्टेफी चौहान, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'शहरी सेवा शिविर 2025' आयोजित

## -अब तक 8 हजार 267 पट्टे किए गए स्वीकृत




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश में इस बार सितम्बर माह सिर्फ बदलते मौसम का नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में नई रोशनी लाने का गवाह भी बन रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में "शहरी सेवा शिविर 2025" जनकल्याण का ऐसा महाअभियान बन चुका हैं, जो सीधे जनता की उम्मीदों को हकीकत में बदल रहा है।17 सितम्बर से प्रदेशभर में संचालित इन शिविरों में हजारों लोग वर्षों से अटके दस्तावेज, अधूरी उम्मीदें और लंबित प्रकरण लेकर आते हैं और उसी दिन समाधान पाकर मुस्कुराते चेहरों के साथ घर लौटते हैं। यही कारण है कि आज हर राजस्थानी इन शिविरों की सराहना कर रहा है।

**शिविरों से बदल रही राजस्थान की सूरत—**
"शहरी सेवा शिविर 2025" में अब तक उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। इन शिविरों के माध्यम से 26 सितंबर तक लगभग 8 हजार 267 पट्टों का वितरण किया जा चुका है। धारा 69-ए के अन्तर्गत 768 परिवारों को पट्टों का हक मिला है, वहीं 587 अपंजीकृत पट्टों का पुनर्वैधीकरण कर उनका पंजीकरण किया गया है। कच्ची बस्ती नियमन के तहत 221 बस्तियों को कानूनी पहचान प्रदान की गई है, जबकि कृषि भूमि पर बसी स्वीकृत योजनाओं में 4 हजार 834 लोगों के पट्टे स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा निकाय, न्यास एवं प्राधिकरण की स्वयं की योजनाओं के अन्तर्गत 941 पट्टे जारी किए गए हैं। पूर्व में जारी पट्टों के समर्पण के बाद 206 नए पट्टे पुनः जारी किए गए, साथ ही 455 प्रकरणों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड में परिवर्तित किया गया। इसके अतिरिक्त 255 पट्टे स्टेट ग्रांट के तहत स्वीकृत हुए हैं। यह उपलब्धियाँ साबित करती हैं कि भजनलाल सरकार के नेतृत्व में राजस्थान ने जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।
स्वच्छता, सुविधा और हरियाली की दिशा में ऐतिहासिक पहल यह जनोपकारी अभियान केवल पट्टा वितरण तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि नगरों को स्वच्छ, सुगम और हरित बनाने की दिशा में भी राज्य सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। सड़क मरम्मत और सुधार के 1,792 प्रकरणों का निस्तारण हुआ है। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से जुड़े 42 हजार 347 प्रकरणों का भी त्वरित समाधान किया गया है।

**जनकल्याण योजनाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ —**
मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के 1 हजार 068 प्रकरण और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 813 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही 1 हजार 702 नाला-नाली मरम्मत संबंधी प्रकरणों का निस्तारण किया गया। स्वच्छ और हरित नगरीय जीवन की ओर कदम बढ़ाते हुए अभियान के दौरान 55 हजार 222 पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया है।

**आमजन की आँखों में चमक —**
पाली निवासी नंदलाल बताते हैं कि 52 वर्ष से वह पैतृक घर का पट्टा मिलने का इंतजार कर रहे थे। "शिविर में अधिकारियों ने मेरी फाइल देखी और उसी समय पट्टा जारी कर दिया। आज पहली बार लगता है कि यह घर सचमुच मेरा है।" भजनलाल सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी परिवार को अपने हक और अधिकार के लिए वर्षों तक इंतजार न करना पड़े। "शहरी सेवा शिविर 2025" इसी संकल्प का प्रतीक हैं, जहाँ हर नागरिक को न्याय, सुविधा और सम्मान एक ही मंच पर मिल रहा है। इन शिविरों ने साबित कर दिया है कि सरकार और जनता जब साथ खड़े हों, तो बदलाव सिर्फ कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर भी दिखता है।

# जोराराम कुमावत ने ग्रामीण सेवा शिविरों का किया निरीक्षण

## -पशुपालकों को मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी भी की वितरित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को पाली जिले के सुमेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बाँकली, पाली पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत भांगेसर के ग्रामीण सेवा शिविरों का अवलोकन किया। बांकली के ग्रामीण सेवा शिविर में मंत्री कुमावत ने अवलोकन कर विभिन्न विभागों के काउंटरों का निरीक्षण किया। कुमावत ने शिविरों में परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप इन ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर त्वरित राहत दी जा रही है। शिविरों में आम नागरिक केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आमजन अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज के गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को इन शिविरों तक लाएं, जिससे उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। कुमावत ने कहा कि इन सेवा शिविरों में 16 विभागों को शामिल किया गया है, जहां सम्बंधित विभाग के अधिकारी न केवल योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं बल्कि आमजन की लंबित समस्याओं का भी त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंच पर और एक ही स्थान पर सभी विभाग समन्वय के साथ आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े काम जैसे नाम शुद्धिकरण, नामांतरण, बंटवारा विवाद आदि काम वर्षों से अटके हुए हैं, जिनका त्वरित निस्तारण इन शिविरों में हो रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी मौके पर ही प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र कृषि और पशुपालन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां की अधिकांश आबादी कृषि और पशुपालन पर निर्भर है इसलिए उन्होंने इन विभागों की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने पशुपालकों से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ उठाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के लिए 1 अक्टूबर, 2025 से मंगला पशु बीमा योजना का पंजीयन प्रारंभ किया जा रहा है इसलिए अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाएं। कार्यक्रमों में मंत्री कुमावत ने पशुपालकों को मंगल पशु बीमा योजना की पॉलिसी, आवासीय पटटों का भी वितरण किया। अपने प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री कुमावत ने पाली तहसील के गांव कूरना में स्व. गोपाल भाई मेघवाल की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्व. गोपाल मेघवाल की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कुमावत ने रक्तदाताओं को प्रश्स्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दो दिवसीय 'आभानेरी फेस्टिवल' में लिया भाग

## -सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ लिया, चांद बावड़ी का अवलोकन किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल आभानेरी में चल रहे दो दिवसीय 'आभानेरी फेस्टिवल' में भाग लिया। उन्होंने फेस्टिवल के दूसरे दिन आयोजित



सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ लिया और चांद बावड़ी का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चांद बावड़ी का अवलोकन करते हुए वहां मौजूद अधिकारियों से इसके इतिहास की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने चांद बावड़ी के समीप स्थित हर्षद माता मंदिर पहुंचकर नवरात्र के अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी ने उप मुख्यमंत्री को चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने आभानेरी फेस्टिवल में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया और पद्म अनवर खान द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम का आनंद लिया। उन्होंने पद्म अनवर खान और उनकी टीम से बातचीत की और उनका स्वागत किया।

**'चांद बावड़ी काफी अद्त, सुंदर और भव्य'—**
इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आभानेरी की चांद बावड़ी काफी अद्त, सुंदर और भव्य है। हर किसी व्यक्ति को यहां पर आना चाहिए और इसे देखना चाहिए और इसके बारे में पूरी दुनिया को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी विभिन्न जगहों पर जब जाते हैं तो भारत के पर्यटक स्थलों को बढ़ावा देने की बात कहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश और प्रदेश में काफी सुंदर और भव्य पर्यटक स्थल हैं और हमें इन पर्यटक स्थलों पर जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग और स्वयं उनका यह प्रयास रहेगा कि जो पर्यटक जयपुर व प्रदेश के अन्य जगहों पर आते हैं, वे आभानेरी भी आएं और यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़े।

**उप मुख्यमंत्री ने मिट्टी का दीपक बनाकर दिया 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश—**
उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी आभानेरी गांव पहुंची और उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया। इस दौरान वह आभानेरी में एक कुम्हार के पास रूकी। उन्होंने कुम्हार से बातचीत की और खुद ने भी मिट्टी के दीपक बनाए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए और जो लोग स्थानीय स्तर पर उत्पाद तैयार कर रहे हैं उनके उत्पाद खरीदने चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि दीपावली आने वाली है, ऐसे में हर व्यक्ति अपने घर पर मिट्टी के दीपक जलाएं और स्वदेशी अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दे रहे हैं ताकि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिल सके।

# एनसीसी कैडेट एवं छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ के तहत स्वच्छता रैली निकाली




मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। राजकीय धूलेश्वर आचार्य संस्कृत महाविद्यालय मनोहरपुर के एनसीसी कैडेट एवं छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को महाविद्यालय से बिशनगढ़ मोड़ तक जन जागरूकता के लिए स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया । पॉलीथिन बैग के उपयोग से बचने के लिए तथा अपने आस पास स्वच्छता रखने के लिए नारों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय कुमार यादव ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, रैली में छात्रों के साथ महाविद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# यादव को उनके जन्मदिन पर प्रदेश कार्यकारिणी सचिव के पद का मिला तोहफ़ा



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डॉटासरा द्वारा राजू देवी यादव को उनके जन्मदिन पर प्रदेश कार्यकारिणी सचिव के पद पर नियुक्त किये जाने पर कस्बे में खुशी की लहर फ़ेल गई । यादव ने इस पर राजस्थान प्रदेश काँग्रेस कमेटी का आभार जताया है। राजू देवी यादव को सचिव पद पर नियुक्त किए जाने पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने यादव का स्वागत किया। राजू ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए पद की गरिमा को बनाये रखने का संकल्प लिया।

# राज्यपाल ने किया नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को ब्रह्माकुमारी के शांतिवन परिसर में आयोजित नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसीलिए कहा जाता है कि वह लोकतंत्र की जड़ों को सींचकर उसे हरा भरा रखता है। उन्होंने कहा कि मीडिया विश्वास, एकता और शांति बनाए रखने का सशक्त माध्यम है उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को कई वर्षों से अक्षुण्ण रखने के लिए समय—समय पर देश की संस्कृति, एकता और लोकतंत्र को अखण्ड रखने के लिए देश के कई लोगों का बलिदान है। राज्यपाल ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व की पहली संस्कृति है। हजार वर्षों से ज्यादा समय तक हमारी संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश की गई है। मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भी संस्कृति को क्षति पहुंचाने की कोशिश की। विश्व में जब कुल 6 विश्वविद्यालय थे, उस समय हमारे पास नालंदा और तक्षशिला जैसे दो विशाल विश्वविद्यालय थे। विभिन्न आक्रांताओं द्वारा किए गए आक्रमण साथ ही विभिन्न कुत्सित प्रयासों के बाद भी हमारी संस्कृति नष्ट नहीं हुई, बल्कि तेजी से बढ़ रही है। क्योंकि हमारे यहां योगी, महात्मा हुए। हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। हम सर्वधर्म को मानते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग राष्ट्रहित के लिए और शांति के लिए कार्य करे, ये बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने मीडिया के विभिन्न माध्यमों के बारे में बताते हुए कहा कि मीडिया का हर माध्यम आज के समय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। राज्यपाल ने बताया कि हमारा देश विश्व में कई क्षेत्रों में अग्रणी है साथ ही सामुहिक प्रयासों से ही आगे प्रगतिरत भी है।

# दशहरे पर्व को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

## -गंगा माता मंदिर से निकलेगी भव्य रैली, आतिशबाजी से गूंजेगा कस्बा

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। दिनांक 2 अक्टूबर को मनाया जाने वाले दशहरे पर्व को लेकर कस्बे में तैयारियां जोर-शोर पर हैं। थाना परिसर मे सीएलजी सदस्यों की अहम बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि सुबह प्रभात फेरी निकालकर पूरे कस्बे में त्योहार का संदेश दिया जाएगा। वही शाम को 4 बजे गंगा माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा/रैली निकलेगी, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान नदी तट तक पहुंचेगी। इस दौरान जगह-जगह लोगों द्वारा आतिशबाजी का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा, ओर करतब बाजी दिखाई जाएगी।जिससे पूरा क्षेत्र रोशनी और रंग-बिरंगी चमक से जगमगा उठेगा। वही सीएलजी सदस्यों ने लोगों से शांति, भाईचारे और उत्साह के साथ पर्व मनाने की अपील की। कस्बे में इस बार दशहरा पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह है और माहौल पूरी तरह से त्योहारी रंग में सराबोर नजर आ रहा है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश नाई, मंडल महामंत्री प्रहलाद गुर्जर, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, समाज सेवी संपूर्णानंद शर्मा, एडवोकेट अशोक व्यास, ईसब खान आमलोदा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने जरूरतमंद बच्चों की सालभर की फीस का खर्च उठाया, चार दिव्यांगजनों को भेंट की स्कूटी




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अनोखा अंदाज़ सामने आया। देवनानी ने अजमेर के स्कूल में पढ़ने वाले नौ जरूरतमंद विद्यार्थियों की सालभर की फीस का जिम्मा उठाया। इन बच्चों के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है, जिसकी वजह से उनकी पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा था। इसी को देखते हुए देवनानी ने स्कूल प्रशासन को 1 लाख 5 हजार रुपये का चेक सौंपकर मासूमों की शिक्षा का भार अपने कंधों पर लिया। इस मौके पर स्कूल सचिव विक्रम सिंह राठौड़ और दर्शन मंडल शाहिद अनेक लोग मौजूद रहे।

**दिव्यांगजनों को विधायक कोष से मिली स्कूटी—**
सेवा पखवाड़े के इस विशेष अवसर पर देवनानी ने एक और सराहनीय पहल की। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले चार दिव्यांगजनों को विधायक कोष से स्कूटी प्रदान की। यह स्कूटी दिव्यांगजनों के लिए न सिर्फ उनके निजी कामों में सहायक होगी, बल्कि रोजगार की दिशा में भी बड़ा सहारा बनेगी। इन स्कूटियों के मिलने से दिव्यांगजन अब आत्मनिर्भर होकर अपने दैनिक जीवन को सहज और सुगम बना पाएंगे। इस पहल को क्षेत्र में काफी सराहना मिल रही है।

**विधानसभा अध्यक्ष के निवास पर हुआ आयोजन—**
यह पूरा आयोजन विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के अजमेर स्थित निवास स्थान पर संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और लाभार्थी परिवार मौजूद रहे। मौके पर लोगों ने देवनानी की इस सामाजिक सोच और सेवा भावना की खुलकर प्रशंसा की। शिक्षा और दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में उठाए गए इन कदमों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वासुदेव देवनानी समाज के कमजोर तबके की मदद करने के लिए हमेशा आगे रहते हैं।

# महाकाली माता के उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। शाहपुरा समीपवर्ती अमसर श्री महाकाली शक्ति पीठ पर श्री प्रेमगिरी महाराज के सानिध्य एंव पण्डित पुरुषोत्तम शास्त्री महाराज जयपुर वाले के आचार्यत्व में नवरात्रि के उपलक्ष्य पर 65 विद्वानों के द्वारा सहस्त्र चंडी महानुष्ठान चल रहा है।
कार्यक्रम में आचार्य पण्डित पुरुषोत्तम शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि पर माताजी को प्रसन्न करने के लिये विशेष पूजा अर्चना की जाती है।और साथ ही पण्डित हेमंत शर्मा सांवलपुरा ने कहा कि प्रतिदिन प्रात 8 बजे एंव दोपहर 2 बजे से दुर्गा पाठ कार्यक्रम रहता है। एंव रात्रि में दुर्गासप्तशती पाठ के द्वारा हवन में आहुति दिलवाई जाती है।पण्डित ललित शर्मा श्री माधोपुर ने बताया कि नवरात्रि पर माताजी के नो स्वरूप की पूजन की जाती है।साथ ही पण्डित गोविंद शर्मा खाटूश्याम ने बताया कि दुर्गा पाठ के साथ नव पारायण रामायण पाठ, भगवान शिवशक्ति पूजन भी प्रतिदिन होता है। इसी के साथ प्रतिदिन महाकाली माता के हजारों भक्त दर्शन कर रहे है।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# भाजपा पदाधिकारियों ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की प्रदेश कार्यशाला मे सहभागिता की

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका) । भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर "आत्मनिर्भर भारत" अभियान की प्रदेश कार्यशाला में जिला टोली ने भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार के निर्देश पर सहभागिता की जयपुर प्रदेश कार्यालय पर संपन्न हुई कार्यशाला में मुख्य वक्ता एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी व सांसद भोला सिंह प्रदेश महामंत्री व सांसद दामोदर अग्रवाल प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश भडाणा प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद संतोष प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा प्रदेश मंत्री कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. महेंद्र कुमावत आदि नेता मंचासीन रहे। भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन




सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने बताया की कार्यशाला मे जिले से आत्मनिर्भर भारत अभियान टोली ने भाग लिया जिसमे जिला संयोजक गोविंद सिंह चौहान, सहसंयोजक महावीर नामा, ओम सुमन, राजेश हाडा मौजूद रहे। कार्यशाला में अभियान के आगामी कार्यक्रम जिला कार्यशाला एवं मंडल कार्यशाला व अभियान के निमित्त स्वदेशी जनजागरण वोकल फॉर लोकल के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

# पाली में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

## -सलमान मोयल बने जिला अध्यक्ष

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अशफाक हुसैन ने पाली में एसडीपीआई जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें सलमान मोयल को जिला अध्यक्ष, जाकिर हुसैन गौरी जिला उपाध्यक्ष, शाहरुख अली जिला महासचिव,निजाम खान सिंधी जिला सचिव, युसूफ तिलजी वाला ट्रेजरार ओर शहजाद सिलावट, सोहेल रंगरेज, मेहराज चूड़ीगर, सलीम मोहम्मद, अय्यूब सुलेमानी, शेरू मोहम्मद, मोइनुद्दीन खिलेरी, इमरान बेलिम, इकबाल नगर वाला, नासिर खोकर, असलम हुसैन, हबीब खान, समीर सिपाही, इमरान दुर्वेश, कालू चौहान, इमरान मेव




को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया इस दौरान महबूब छिपा धान वाले, अकरम भाटी, सलीम सिलावट, फारुख लुहार, गुलाम हुसैन, सलीम मोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने में शामिल रहे भीलवाड़ा जिला महासचिव आजाद जावेद ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समाज सेवा के जज्बे के साथ राजनीति करने के लिए प्रेरित किया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सलमान मोयल ने जिले के सभी समाज को साथ लेकर चलने एवं पार्टी तथा देश ओर जनहित में काम करने का संकल्प लिया ।

# सुरेश कुमार सुंडा राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

चूरू (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ शाखा चूरू का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन श्री पूर्णानंद राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने की। यहां विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरदेसर प्रधानाचार्य मुरारी लाल शर्मा और रामपुरा बास जसरासर प्रधानाचार्य सुनीता मौजूद रहे। यहां हुए चुनाव में सुरेश कुमार सुंडा जिलाध्यक्ष और विनोद कुमार शर्मा जिला मंत्री निर्वाचित



हुए। जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सुंडा द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर जिलेभर से संस्कृत शिक्षक उपस्थित रहे।

# नवरात्र पर कन्या भ्रूण हत्या न करने का संकल्प लिया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती ग्राम रामसरा में श्री वीर हनुमान शिव जीण धाम में प्रथम विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम चल रहा है। यहां प्रतिदिन पूजन, आरती, महिला सत्संग, मंगलपाठ एवं किर्तन होता है। शनिवार को रामसरा ग्राम की सभी छोटी कन्याओं का कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कन्या भ्रूण हत्या न करने का संकल्प लिया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते कहा कि कन्या भ्रूण हत्या महापाप है।

# 69वीं जिला स्तरीय बालिका तैराकी स्पर्धा में फलक, साराह, सुमेय्या ने जीता गोल्ड मेडल

## -सादिया ने कराटे में जीता गोल्ड मेडल

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर 69 वीं जिला स्तरीय बालिका स्पर्धा में एजुकेशन एरा एकेडमी सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं ने दूसरी बार तैराकी और कराटे में जीते गोल्ड मेडल्स तैराकी में बालिका वर्ग अंडर 19 फ्री स्टाइल में फलक अंसारी ने प्रथम, अंडर 17 फ्री स्टाइल में साराह अंसारी ने में प्रथम और अंडर 17 में सुमय्या अंसारी ने ब्रेस्ट स्ट्रोक प्रथम प्राप्त किया । 69 वीं जिला स्तरीय बालिका कराटे में 65 + KG में एजुकेसन एरा एकेडमी सेकेंडरी स्कूल की सादिया अंसारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया । रतनगढ़ की मारुति पब्लिक स्कूल में खेली गई 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे बालिका वर्ग तैराकी मे 50 मीटर फ्री स्टाइल और ब्रेस्ट स्ट्रोक मे चूरू जिले की एजुकेशन एरा एकेडमी माध्यमिक विद्यालय की छात्राए फलक अंसारी, साराह अंसारी और सुमय्या अंसारी ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया इस मौके पर पीयूष कुमार, नाहिदा, अरबाज खान, मुहम्मद मुबारिक, सुश्री संगीता, लुकमान अंसारी, शाहीन बानो, सना, मुहम्मद समीर और मुहम्मद असलम मौजुद रहे।


फलक अंसारी


साराह अंसारी


सुमेय्या अंसारी



सादिया अंसारी

# 69 वीं जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप में झुंझुनूं एकेडमी ने जीती पाँच चैम्पियनशिप

## -23 गोल्ड मेडल सहित 17 खिलाड़ियों ने किया स्टेट के लिए चयन

झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। 69 वीं जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप में झुंझुनूं एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर 23 गोल्ड मेडल जीते हैं। जानकारी देते हुए बैडमिंटन कोच नितेश वर्मा व तनुज वर्मा ने बताया कि झुंझुनूं एकेडमी में आयोजित 69 वीं जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप के 14, 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग में झुंझुनूं एकेडमी सभी टीम वर्गों में विजेता रही। झुंझुनूं एकेडमी के अंडर 14 छात्र आयु वर्ग में लोकेश गुर्जर, आनन्द मदेरणा, वर्दित, रक्षित नेहरा, आदित्य सागवान ने तथा छात्रा वर्ग में दिशिका, काव्या सिंह, आहना, स्तूती झाझड़िया, नव्या व अंडर-17 छात्र आयु वर्ग में लविश सिंह, चेतन सैनी, वर्षित, पार्थ लमोरिया, कनिष्क प्रजापत तथा अंडर-17 छात्रा आयु वर्ग में पारूल चैधरी, सौम्या भटनागर, द्वेता तथा अंडर-19 छात्र आयु वर्ग में डेवीड राव, इकांशु सैनी, नवनीत, अभय, शिवाजी, ने बैडमिंटन चैम्पियनशिप जीतकर जिले व स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। इनमें से अंडर-14 छात्र वर्ग में लोकेश गुर्जर, आनन्द मदेरणा, वर्दित, आदित्य सागवान




व रक्षित तथा अंडर-14 छात्रा वर्ग में दिशिका, काव्य सिंह, स्तुती झाझड़िया व आहना तथा अंडर-17 छात्र वर्ग में चेतन सैनी व वर्षित वहीं अंडर-17 छात्रा वर्ग में पारूल चौधरी, सौम्या भटनागर व द्वेता तथा अंडर-19 छात्र वर्ग में इकांशु सैनी, डेवीड राव व नवनीत अहलावत सहित कुल 17 खिलाड़ियों का राज्य स्तरिय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं कहा कि 69 वीं जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप में सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा है। हमें पूरी उम्मीद है कि जोधपुर में 01 अक्टूबर से आयोजित होने वाली स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप में ये सभी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल स्तर पर खेलेंगे।

इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, डायरेक्टर गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैड मिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा तथा प्रशासक कमलेश कुलहरि ने सभी खिलाड़ियों को बधाईयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जीएसटी बचत उत्सव की दी जानकारी



चूरू (रॉयल पत्रिका)। वाणिज्यिक कर विभाग तथा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र चूरू द्वारा शनिवार को जीएसटी बचत उत्सव के तहत माहेश्वरी भवन, सुजानगढ़ में व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रतनगढ़ वाणिज्यिक कर अधिकारी वासुदेव ने जीएसटी दरों में छूट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। जिला उद्योग अधिकारी फिरोज भाटी ने इन छूटों से विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों पर जानकारी दी। इस दौरान पवन माहेश्वरी, खुशीराम, असलम मौलानी, आसिफ राव, अभिषेक पोद्दार, रोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की मीटिंग रविवार को रतनगढ़ जिला कार्यालय में होगी

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम डी चोपदार के निर्देशानुसार "संगठन सर्जन अभियान" के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी चूरु ( रतनगढ़ ) कार्यालय पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की 28 सितंबर 2025 रविवार को प्रातः 11:00 बजे होगी । चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि, जिला कांग्रेस कमेटी चूरु के अध्यक्ष इंदराज खिचड़ की अध्यक्षता में मीटिंग रखी गई है जिसमें कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला प्रभारी आबिद हुसैन तथा सह प्रभारी हारून क़ुरैशी उपस्थित रहेंगे मीटिंग में चूरु ज़िलें से संबंधित जिला संगठन प्रभारी, सांसद, विधायक, प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, प्रधान, नगर परिषद, पालिका, सभापति, पूर्व जिला प्रमुख विधानसभा प्रभारी गण, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी, अग्रिम संगठन प्रकोष्ठ विभाग के जिला अध्यक्ष, (जिला परिषद सदस्य,पंचायत समिति सदस्य, पार्षद गण) समस्त कांग्रेस जन सादर रूप से आमंत्रित है। चौहान ने बताया कि बैठक में चूरू विधानसभा क्षेत्र सहित जिलेभर से कांग्रेसजन शामिल होगे ।

# जिला कलक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीण सेवा शिविरों का किया निरीक्षण

## -ग्रामीणों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर काना राम ने शनिवार को बौंली उपखण्ड की ग्राम पंचायत लाखनपुर, मित्रपुरा तहसील की ग्राम पंचायत बपूई, तहसील मलारना डूंगर की ग्राम पंचायत भाड़ौती में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने भाड़ौती एवं गंभीरा तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने चौथ का बरवाड़ा में डिडायच एवं सारसोप में आयोजित सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में विभागीय स्टॉल्स का निरीक्षण कर किए जाने वाले कार्यो की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। ताकि शिविरों के माध्यम से आमजन को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिले। उन्होंने शिविरों में संधारित रजिस्टरों एवं दस्तावेजों की जांच की तथा लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित नामांतरण, रास्ते से संबंधित प्रकरण, सहमति विभाजन, गिरदावरी एवं अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन वेरिफिकेशन शत-प्रतिशत पूर्ण करवाने, यूडीआईडी रजिस्ट्रेशन, खाद्य सुरक्षा विभाग को एनएफएसए के तहत पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने, तथा कृषि अधिकारियों को हाइब्रिड बीजों के लाभों की जानकारी कृषकों को देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसान गिरदावरी और केवाईसी जानकारी लेते हुए 50 प्रतिशत से कम किसान गिरदावरी वाले पटवारियों को कारण बताओं नोटस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने फार्मर आईडी



रजिस्ट्रेशन में शत-प्रतिशत किसानों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए है। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियां को सरपंच, वार्ड पंच के साथ मंगलवार को प्री-कैम्प का आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना पॉलिसी वितरण, वृद्वावस्था पेंशन भुगतान आदेश सहित विभन्न लाभ प्रदान किए। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचें, अपनी समस्याओं का समाधान करवाएँ तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हों। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बौंली चन्द्रप्रकाश वर्मा, उपखण्ड अधिकारी मलारना डूंगर संदीप कुमार बेरड़, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी सहित संबंधित अधिकारी, कार्मिक, विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सेवा शिविरों में आमजन को मिल रही है राहत

## -जिला कलक्टर ने किया शिविरों का निरीक्षण

बारां (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार राज्य सरकार के सेवा पर्व पखवाड़े के अंतर्गत जिलेभर में आयोजित हो रहे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर आमजन के लिए राहतकारी सिद्ध हो रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने नगर पालिका अटरु, ग्राम पंचायत दड़ा, पंचायत समिति अटरु तथा ग्राम पंचायत मंडोंला में आयोजित सेवा शिविरों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया तथा जरूरतमंद पात्र परिवारों को पट्टे वितरित किए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उनके गांव-गांव तक पहुंचाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से आयोजित इन शिविरों में राजस्व, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज करवाईं।




इस अवसर पर मंडोंला सरपंच (प्रशासक) आशीष नागर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**नगरपालिका ऑपरेटर को हटाने व ग्राम विकास अधिकारी को नोटिस जारी:-**

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों की अत्यधिक पेंडेंसी पर गंभीरता जताई। उन्होंने नगर पालिका अटरु के संबंधित ऑपरेटर को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत दडा के ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति चारागाह भूमि में जारी करने तथा प्रथम किस्त का हस्तांतरण करने पर नाराजगी जताई। कलक्टर ने इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# गीतांजली हॉस्पिटल के स्टाफ ने डांडिया में लिया बढ़-चढ़कर भाग

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। DFD डांडिया 2025 गीतांजली हॉस्पिटल परिवार के लिए गर्व का अवसर रहा। इस ऐतिहासिक क्षण में 2000 से अधिक लोगों ने एक साथ भगवा झंडे लहराकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। यह DFD द्वारा रचा गया चौथा वर्ल्ड रिकॉर्ड है, जिसमें गीतांजली हॉस्पिटल की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को नई ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम में गीतांजली हॉस्पिटल के स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति से पूरे माहौल में खास रौनक घोल दी। उदयपुरवासियों ने भी इसे शहर और मेवाड़ की शान बताते हुए गर्व और जोश से भागीदारी की। इस अवसर पर सांवरिया सेठ जी की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही, प्रतिदिन प्रस्तुत की जा रही झांकियां और विशेष एक्ट्स दर्शकों को पहली बार अनूठा अनुभव प्रदान कर रहे हैं। गीतांजली हॉस्पिटल प्रबंधन का मानना है कि ऐसे आयोजन, जहां संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा मिलता है, वहां संस्था हमेशा समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे रहती है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत रामगढ़ क्रेटर क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने का दिया संदेश

बारां (रॉयल पत्रिका)। सेवा पखवाड़ा 2025 के अन्तर्गत शनिवार को पंचगौरव में चिन्हित पर्यटन स्थल रामगढ़ क्रेटर में वन विभाग एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता एवं रखरखाव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उप वन संरक्षक सुनील कुमार गौड़ ने किया। कार्यक्रम के तहत कन्जर्वेशन रिजर्व रामगढ़ केटर स्थित प्राचीन रामगढ़ माताजी मंदिर की सीढ़ियों के आसपास फैली



प्लास्टिक थैलियां, पानी की बोतलें एवं अन्य कचरे को करीब एक हेक्टेयर क्षेत्र से एकत्रित कर क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने का संदेश दिया गया। इस दौरान वन विभाग, पर्यटक स्टाफ, पर्यावरण प्रेमियों, मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उप वन संरक्षक गौड़ ने उपस्थित ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं दुकानदारों को वन क्षेत्र में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और कचरे को कचरा पात्र में ही डालने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दीपक शर्मा, रेंजर किशनगंज, भूपेंद्र सिंह हाड़ा, रेंजर बारां, हेमराज राठौर (सरपंच पति रामगढ़), लोकेश गुर्जर, देवेंद्र बसवाल सहित 30-40 वनकर्मी, पर्यावरण प्रेमी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सेवा शिविर में मौके पर ही 60 वर्षीय रामलाल गुर्जर को स्वीकृत हुई वृद्धावस्था पेंशन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर जिले के बौंली उपखण्ड में ग्राम पंचायत लाखनपुर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने कई ग्रामीण परिवारों को राहत और नई उम्मीद दी। शिविर में 60 वर्षीय रामलाल गुर्जर की बुढ़ापे की चिंता का समाधान हुआ, जब आर्थिक तंगी और वृद्धावस्था की कठिनाइयों से जूझ रहे वृद्ध की सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत की गई और जिला कलक्टर काना राम ने उन्हें पेंशन भुगतान आदेश सौंपा।

रामलाल ने शिविर में उपखंड अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा को प्रार्थना पत्र सौंपा था। उनकी पीड़ा सुनते ही उपखंड अधिकारी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शिविर प्रभारी शहबाज आलम शिर्वानी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तत्परता दिखाते हुए विभागीय टीम ने तुरंत आवेदन प्रक्रिया पूरी कर पेंशन स्वीकृति सुनिश्चित की। जिला कलक्टर काना राम ने स्वयं रामलाल को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। इस भावुक क्षण में रामलाल ने बताया कि उनके दो पुत्र अलग रहते हैं और जीवनयापन के साधन बहुत सीमित हैं। पेंशन स्वीकृत होने से



अब उन्हें वृद्धावस्था में आर्थिक सहारा मिल गया है। खुशी से झूमते हुए रामलाल ने राज्य सरकार, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जिला प्रशासन एवं विभागीय कार्मिकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि "सरकार की संवेदनशील नीतियों ने हमारे जैसे ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने का विश्वास दिया है।"

# तहसील स्तरीय प्रथम मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह लाडनूं में 30 सितंबर को होगा

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। नूर फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. गुलाब नबी ने बताया की विधानसभा क्षेत्र लाडनूं में नूर फाउंडेशन की और से पहली बार तहसील स्तरीय प्रथम मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह दिनांक 30 सितम्बर 2025 को प्रातः समय 10 बजे स्थान हाथियों का नोहरा 8 पट्टी लाडनूं में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सर्वसमाज की प्रतिभाओं सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, वशिष्ठ अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत, वशिष्ठ अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, राजस्थान मदरसा बोर्ड के पुर्व अध्यक्ष हिदायत खां धोलिया, सेवा नि. अधिकारी जाकिर हुसैन, अपर परिवहन आयुक्त नानूराम चोयल, पुर्व कांग्रेस प्रत्याशी रहे लियाकत अली खान आदी इस समारोह के मुख्य अतिथिगण होंगें। डॉ. गुलाब नबी, मोहम्मद अनीस, डॉ. आलम अली, आई आर एस जाकिर हुसैन, पार्षद नौशाद सिसोदिया आदी इस कार्यक्रम की तैयारीयों में जोर शोर से जुटे हुए हैं। क्षेत्र के लोगों ने अग्रिम रूप से इस कार्यक्रम की सफलता के लिए नूर फाउंडेशन परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपिल की है।

# अजमेर के विकास की बड़ी बैठक त्यौहार का मौसम, बिजली, पानी, सड़क और सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान - देवनानी

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को जिले में विकास योजनाओं और बजट घोषणाओं को लेकर बड़ी बैठक ली। उन्होंने कहा कि त्यौहारों का मौसम है। बिजली, पानी, सड़क और सुरक्षा हमारी टॉप प्रायोरिटी है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी, लापरवाह अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। शहरी व ग्रामीण सेवा शिविर सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन को राहत व लाभ देने के लिए अधिकारी पूरी गंभीरता से काम करें। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा की गई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में देरी नहीं होनी चाहिए। इसे गति प्रदान करें। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने योजनाओं तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में हुई प्रगति से अवगत कराया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के विकास, बजट घोषणा, आमजन की सुविधा और शहरी ग्रामीण सेवा शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। देवनानी ने कहा कि बजट घोषणाओं के संबंध में धरातल पर कार्य आरम्भ होने की स्थिति में ही क्रियान्वयन माना जाना चाहिए। इससे पूर्व कार्य प्रक्रियाधीन की श्रेणी में आएगा। कार्य का आरम्भ होने में किसी प्रकार की बाधा के बारे में सक्षम स्तर को अवगत कराएं।



बजट घोषणाओं के कार्यों के धरातल पर आकर आमजन को लाभ मिलने की मंशा के साथ कार्य किया जाना चाहिए। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अप्रारम्भ कार्यों को प्रारम्भ कराए तथा प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करवाकर लोकापर्ण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में सड़कों के पेचवर्क से संबंधित कार्य 10 अक्टूबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखकर कार्य करें। पेचवर्क की गुणवत्ता बनाई रखनी आवश्यक है। अतिवृष्टि से प्रभावित विद्यालयी संरचनाओं की मरम्मत के कार्य दीपावली से पहले आरम्भ कराएं। सैनिक विद्यालय के लिए आवंटित भूमि पर जल भराव के समाधान के लिए अधिकारी मौके पर जाकर कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में नए आवेदनों के लिए सर्वे कराएं। हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाने के भवन निर्माण के लिए राजस्थान पुलिस हाऊसिंग कॉरपोरेशन स्तर पर फॉलो करें। उन्होंने कहा कि नई सड़क पर पुलिस चौकी से संबंधित कार्य में तेजी लाए। आनासागर चौकी के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया अगले सप्ताह में पूर्ण होनी चाहिए। नवीन मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी लाने के लिए सचिव स्तर से लगातार सम्पर्क में रहे। कामकाजी महिला छात्रावास का शिलान्यास अगले सप्ताह करवाने का प्रयास किया जाए। स्वयंसिद्धा आश्रम के भूमि आवंटन संबंधी प्रक्रिया को अपडेट रखें। चंद्रवरदाई नगर स्टेडियम के उन्नयन के लिए आवश्यक प्रस्ताव सोमवार तक तैयार होने चाहिए। इसी प्रकार पटेल स्टेडियम के उन्नयन के लिए भेजे गए प्रस्ताव को भी फॉलो करें। उन्होंने कहा कि अजमेर के लिए आवंटित दो पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में आगे की कार्यवाही होनी चाहिए। पेयजल अवसरंचनाओं के कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है।

अतिरिक्त फीडर का कार्य 30 नवम्बर तक पूर्ण करने का प्रयास करें। जवाहर स्कूल में खेल विद्यालय स्थापित करने के संबंध में उपलब्ध सुविधाओं की पूर्ण जानकारी के साथ प्रस्ताव बनाकर भेजें। ई-बसों के आने से पहले समस्त तैयारियां पूर्ण कर लें। बसों के संचालन के लिए रूट तय करने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाना चाहिए। वरूण सागर एवं चौरसियावास तालाब के सौन्दर्यीकरण संबंधी कार्य निर्धारित प्रक्रिया के साथ करें। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अजमेर विकास प्राधिकरण से कच्ची बस्तियां नगर निगम को स्थानान्तरित होते ही उनके म्यूटेशन खोले जाए। नए म्यूटेशन खुलने के साथ ही कच्ची बस्तियों के पट्टे जारी करने की कार्यवाही आरम्भ करें। शहरी शिविरों के फॉलोअप शिविर आयोजित कर पट्टे जारी कराएं। शिविरों में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर पहुंचकर पूरे दिन वहीं रहे। अधिकतम समस्याओं का निस्तारण कर आमजन को लाभ दें।

# देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा ने विद्यालय एवं छात्रावास का किया निरीक्षण

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा ने देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास मकसूदनपुरा एवं चौथ का बरवाड़ा का निरीक्षण किया। देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास मकसूदनपुरा में बालिकाओं हेतु भोजन की व्यवस्था, शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रावास मंम सुरक्षा प्रबंधों, छात्रावास में रहने, खाने-पीने, सफाई व्यवस्था, खेल मैदान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संस्था प्रधान को व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाटर कूलर की नियमित साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बोर्ड अध्यक्ष द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकान्त शर्मा को पूर्व सूचना देने पर भी अनुपस्थित रहने




पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश उच्च अधिकारियों को प्रदान किए।

**भोजन गुणवत्ता के साथ न हो समझौता :-**

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा ने छात्रावास के रसोई घर में रखी खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच कर उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री का उपयोग करने के निर्देश छात्रावास संस्था प्रधान को दिए।

इस दौरान उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई और रुचियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बालिकाओं एवं शिक्षको से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और शैक्षणिक समस्याओं पर बातचीत भी की। इस दौरान विद्यालय की छात्राएं, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण रहे उपस्थित।

# खाद्य मंत्री ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## - गिव अप अभियान में जोधपुर जिले में 1.32 लाख यूनिट ने किया स्वेच्छा त्याग

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहुँचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अपात्र व्यक्ति स्वयं योजना से बाहर हों और पात्र परिवारों को लाभ प्राप्त हो।

शुक्रवार को जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित बैठक में खाद्य मंत्री गोदारा ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने "गिव अप अभियान" को पूर्ण सफल बनाने पर बल देते हुए कहा कि जिले में अब तक 1 लाख 32 हजार 30 यूनिट्स ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का त्याग किया है, जो कि पारदर्शिता और जनजागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




खाद्य मंत्री ने अधिकारियों से अपात्र लाभार्थियो जैसे आयकरदाता, राज्य एवं केंद्र सरकार के कार्मिक, चारपहिया वाहनधारी तथा एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवार को स्वेच्छा से योजना से बाहर होने हेतु प्रेरित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लक्ष्यानुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए और इसके बाद भी यदि अपात्र व्यक्ति योजना में बने रहें तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान को व्यापक जनजागरूकता से जोड़ते हुए ग्राम पंचायत से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में एनएफएसए पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। गोदारा ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से हो तथा स्वीकृत आवेदनों का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा औचक सत्यापन किया जाए ताकि अपात्र प्रविष्टियों की समय रहते पहचान हो सके।

उन्होंने आधार सीडिंग और ई-केवाईसी की प्रगति पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल सत्यापन से ही योजनाओं की पारदर्शिता और लक्षित वितरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

गोदारा ने राशन डीलरों के बकाया कमीशन और परिवहनकर्ताओं के लंबित भुगतानों की उपखंडवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बकाया भुगतान शीघ्रातिशीघ्र निपटाए जाएं ताकि वितरण प्रणाली सुचारू रूप से चल सके। खाद्य मंत्री ने 31 अक्टूबर तक जिले में नई उचित मूल्य दुकानों के सृजन की विज्ञप्ति पूर्ण करने तथा सभी उपखंडों में जागरूकता शिविर आयोजित कर ग्राम स्तर पर अपात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने जिले में गिव अप अभियान तथा नए नाम जोड़ने के आवेदनों की स्थिति से गोदारा को अवगत करवाया। जिला रसद अधिकारी (प्रथम) अंजुम ताहिर सम्मा ने जिले में कुल लाभार्थियों, गिव अप अभियान की उपखंडवार प्रगति, एनएफएसए पोर्टल पर लंबित-स्वीकृत आवेदनों तथा ई-केवाईसी की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया।

# पाली डेयरी में डवलप होगा तीन लाख लीटर क्षमता का अवशीतन सिस्टम- जोराराम कुमावत

## - 30 वीं वार्षिक आमसभा में लक्ष्यों पर खर्चों पर हुआ मंथन

पाली (रॉयल पत्रिका)। पाली डेयरी की 30 वीं आमसभा का आयोजन पाली जिले के संघ मुख्यालय पर किया गया। जिसमें पाली, फालना एवं जैतारण क्षेत्र



के अध्यक्ष और संचालक मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने सम्बोधन में राज्य सरकार व डेयरी विभाग द्वारा प्रचलित व प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशुपालन अत्यंत उन्नत रोजगार के रूप में स्थापित हो चुका है। अपना संस्मरण सुनाते हुए बताया कि गुजरात प्रवास के दौरान एक महिला ने बताया कि वे प्रतिवर्ष 2 करोड़ रूपये कि आमदनी केवल दूध व्यवसाय करके अर्जित की है। इसी प्रकार मातृशक्ति जो पाली डेयरी से जुड़ी है वे भी ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि पाली डेयरी से जुड़कर अपने सामाजिक व आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करें। इस मौके पर डेयरी मंत्री ने पाली डेयरी के लगातार तीसरे वर्ष भी शुद्ध लाभ में बढोतरी होने पर अध्यक्ष व डेयरी प्रबंधन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वितीय वर्ष-2022-23 में जहां पाली डेयरी ने 31.45 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया, वहीं, वर्ष-2023-24 में शुद्ध लाभ एक करोड़ 62 लाख 53 हजार रुपए पहुंच गया। डेयरी ने 2024-25 में दो करोड़ 61 लाख 60 हजार रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित कर मानक स्थापित किए हैं। कुमावत ने कहा कि में पाली डेयरी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और संचालक मंडल व डेयरी प्रशासन को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं कि वह अपने आगामी वर्ष-2025-26 के शुद्ध लाभ के आठ करोड़ 58 लाख 14922 रुपए के लक्ष्य को भी पूरा करे। डेयरी मंत्री ने यह भी कहा कि चालू वितीय वर्ष-2025-26 में पाली डेयरी की दुग्ध भंडारण क्षमता तीन लाख लीटर तक बढाने की योजना है। इसके तहत यहां तीन लाख लीटर क्षमता का अवशीतन सिस्टम विकसित किया जाएगा।

**डेयरी अध्यक्ष ने गिनाई उपलब्धियां—**

इससे पहले पाली डेयरी के अध्यक्ष प्रतापसिंह बीठिया ने आमसभा में वर्ष 2024-2025 में प्राप्त उपलब्धियों के अन्तर्गत बताया कि समस्त क्षेत्रों में सरस व पाली दुग्ध संघ की बढती साख व सदस्यों के विश्वास के अनुरूप दुग्ध संकलन की मात्रा निरन्तर बढ़ रही है जो प्रतिदिन लगभग 1 लाख लीटर औसत रही है। पाली डेयरी में सहकारी सदस्यों की संख्या 41 हजार से अधिक हो गयी है जिसमें 13023 महिला सदस्यों के माध्यम से 203 महिला समितियां कार्यशील हैं। बिठिया ने वर्ष 2024-25 में पाली डेयरी में विभिन्न क्षैत्रों जैसे दूध संकलन समिति सुदृढिकरण, दूध व दुग्ध उत्पाद विक्रय, नवीन तकनिकी व पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम में गायों हेतु बछिया के लिये विशेष तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि यह सुविधा लगभग हजार रूपये के स्थान पर सरकार द्वारा रियायती दर पर 70 रूपये की लागत में उपलब्ध करवाई जायेगी। बिठिया ने कहा कि पाली डेयरी की लगभग 16.41 करोड़ की योजना जीका की केन्द्र सरकार के द्वारा स्वीकृत हुई है। जिसके अन्तर्गत आधारभूत संरचना विकास में समिति, बी.एम.सी., ए.एम.सी.यू., प्रयोगषाला सुदृढिकरण, प्रशिक्षण व प्रशिक्षित समूहों के विकास से संघ के विकास हेतु गतिविधियों को संचालित करना है।

**500 मीट्रिक टन के गोदाम का शिलान्यास—**

एजीएम के बाद मंत्री कुमावत ने डेयरी परिसर में मेन गेट के समीप प्रस्तावित 01 करोड़ 05 लाख रुपये की लागत के गोदाम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण कार्य करीब पांच माह में पूरा होगा। गोदाम की भंडारण क्षमता 500 मीट्रिक टन होगी। इससे तैयार दूध उत्पादों के भण्डारण व वितरण की अच्छी सुविधा हो जायेगी।

# 'स्वच्छोत्सव सेवा परववाड़ा': 300 से अधिक छात्रों ने नागौर को चमकाया



नागौर (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद नागौर द्वारा आयोजित 'स्वच्छोत्सव सेवा पखवाड़े' के क्रम में शुक्रवार, 27 सितंबर 2025 को एक विशाल सफाई अभियान चलाया गया। वेंटवरक्स चौराहा से अजमेरी गेट तक चले इस अभियान में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए शहर को स्वच्छ बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया।

**विद्यार्थियों और समुदाय की भागीदारी**

इस महत्वपूर्ण पहल में नगर परिषद के सफाईकर्मियों के साथ-साथ शहरवासियों, स्काउट्स, छात्र-छात्राओं और युवा नवर्स फाउंडेशन ने सामूहिक सहयोग किया। अभियान में ग्लोरियस स्कूल, गायत्री स्कूल, नालंदा एकेडमी, सेंट मेरी स्कूल और जीनियस किड्स स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। युवा नवर्स फाउंडेशन ने कार्यक्रम की शुरुआत युवा गीत के साथ कर सभी में जोश भरा। विद्यार्थियों ने सड़कों से पोस्टर और बैनर हटाकर सफाई में सहयोग किया।

**कमिश्नर ने दिए सख्त निर्देश**

अभियान के दौरान आयुक्त गोविंद सिंह और नगर परिषद के अधिकारियों ने सभी सफाईकर्मियों को कड़े निर्देश दिए कि सड़कों पर कचरा, गंदगी और नशा संबंधी सामग्री का विक्रय नहीं होना चाहिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों को हर हाल में स्वच्छ रखने पर जोर दिया। सफाई दल ने इस दौरान कचरे के बड़े-बड़े ढेर हटाए और अतिक्रमण स्वरूप लगे पोस्टरों, बैनरों और होर्डिंग्स को भी हटाकर पूरे मार्ग को साफ किया। इस मेगा सफाई कार्य के लिए 2 जेसीबी, 1 डंपर, 2 ट्रैक्टर और अन्य उपकरणों का उपयोग किया गया।

**अगला पड़ाव 'मुख्य बाजार'**

नगर परिषद ने बताया कि सेवा पखवाड़े का अगला कार्यक्रम 29 सितंबर को मुख्य बाजार तर्पण रोड के आस-पास आयोजित किया जाएगा, जिससे शहर के अन्य प्रमुख हिस्सों को भी स्वच्छ बनाया जा सके।

# पीड़ित प्रतिकर मीटिंग का आयोजन कर पीडितों को 11 लाख 25 हजार रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के दिये आदेश

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वाधान में शुक्रवार को देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में पीड़ितों को प्रतिकर राशि दिलवाये जाने हेतु जिला प्राधिकरण के पदेन सदस्यगण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।



पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत लंबित कुल 05 प्रकरणों में से अंतिम स्तर के जीवन हानि (हत्या) के दो प्रकरणों, हत्या के प्रयास के एक प्रकरण तथा अंतरिम स्तर के पोक्सो के एक प्रकरण एवं मोटर दुर्घटना के एक प्रकरण में प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें समिति द्वारा जीवन हानि (हत्या) के अंतिम स्तर के दो प्रार्थना पत्रों में सर्वसम्मति से क्रमशः 5 लाख एवं 3,75,000 तथा पोक्सो के अंतरिम स्तर के एक प्रकरण में 2,50,000 रूपये सहित कुल 11 लाख 25 हजार रूपये प्रतिकर के रूप में स्वीकृत किये जाने के आदेश दिये गए। दसाथ ही कारागृहों के नवीन भवन निर्माण हेतु एवं जेलों के निर्धारित मापदण्डों को पूरा करने के लिए गठित जेल एम्पावर्ड कमेटी तथा विधिक सहायता के लंबित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में भी मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय राजेन्द्र शर्मा, विशेष न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय मीनाक्षी जैन, न्यायाधीश मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण सुन्दर लाल बंशीवाल, विशिष्ट न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय असीम कुलश्रेष्ठ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा, जिला कलक्टर कानाराम सिरवी, अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार कासवां, अध्यक्ष बार एसोशिएसन उमाशंकर शर्मा, लोक अभियोजक जितेन्द्र शर्मा, कारापाल जिला कारागृह बिहारीलाल उपस्थित रहे।

# महिलाओं का सुरक्षित एवं गरिमामयी स्तनपान विषयक कार्यशाला आयोजित

बारां (रॉयल पत्रिका)। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सतीश परिहार के निर्देशन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन की ओर से ग्राम पंचायत माथना में 'महिलाओं का सुरक्षित एवं गरिमामयी स्तनपान' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधि खुशबु नागर, डॉ. स्नेहलता श्रृंगी, ग्राम साथिन मिनाक्षी, जेंडर स्पेशलिस्ट पुष्पा शर्मा, ब्लॉक सुपरवाइजर मोनिका शर्मा सहित स्थानीय महिलाएं व किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही। इस अवसर पर डॉ. स्नेहलता ने मातृ दुग्ध को शिशु के लिए अमृत बताया और कहा कि जन्म के छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान




ही कराना चाहिए। इससे बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत होती है और मां-बच्चे के बीच भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है। उन्होंने महिलाओं से स्त्री रोग संबंधी विषयों पर भी चर्चा की। जेंडर स्पेशलिस्ट पुष्पा शर्मा ने घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन, पोश एक्ट 2013, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र तथा सखी केंद्र की जानकारी दी। वहीं ब्लॉक सुपरवाइजर मोनिका शर्मा ने लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना (निशुल्क आरएससीआईटी, आ र ए व स ी ए फ ए, आरएससीएसईपी) की जानकारी प्रदान की। कार्यशाला का समापन बेटी जन्मोत्सव मनाकर किया गया।

# संयुक्त तकनीकी टीम ने जिले में पीएम जन योजना कार्यों का किया निरीक्षण



बारां (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी माह अभियान (पीएम जन योजना) अन्तर्गत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा और तकनीकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से संयुक्त तकनीकी टीम के अधिकारी तीन दिवसीय भ्रमण पर रहे। जयपुर से आई टीम ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मौके पर ही कई तकनीकी बाधाओं का निस्तारण किया गया। एएसओ अवधेश यादव ने बताया कि जिला परिषद बारां में एसीईओ हरीश चन्द मीणा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर तकनीकी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान राज्य स्तर से जुड़े कई मुद्दों का निराकरण किया गया। टीम ने किशनगंज ब्लॉक क्षेत्र का दौरा कर धरातल पर कार्यों की वास्तविक स्थिति देखी और योजनाओं की प्रगति देखी। जिले के सभी 8 ब्लॉकों में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत लाभार्थियों को स्वीकृत आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में आ रही तकनीकी दिक्कतों जैसे दस्तावेज सत्यापन, पोर्टल पर त्रुटियों का सुधार, स्वीकृति प्रक्रिया सहित अन्य समस्याओं का समाधान किया गया। जिन लाभार्थियों के आवेदन लंबित थे, उनके कार्य भी प्राथमिकता से निपटाए गए। संयुक्त टीम में अधिशासी अभियंता प्रदीप गोयल, सहायक प्रोग्रामर कपिल खंडेलवाल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। टीम ने स्पष्ट किया कि जिले में योजना की गति को तेज किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

# सबस्टेशन कटीखंडी 33/11 के.वी.जी.एस.एस. के लिए भूमि आवंटित

बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड, बारां द्वारा सब स्टेशन कटीखंडी 33/11 के.वी.जी.एस.एस. के लिए भूमि आवंटन की मांग पर उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार छबड़ा की अनुशंसा पर ग्राम-चाचौड़ा, तहसील, छबड़ा की आराजी ख.न. 1054/2 रकबा 29.061 हेक्टेयर किस्म गै.मु. पठार में से 0.25 हेक्टेयर भूमि 33/11 के.वी. सब स्टेशन कटीखंडी के लिए आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में सहायता केन्द्र की हुई स्थापना

बारां (रॉयल पत्रिका)। बीमा विभाग की सहायक निदेशक जूही अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग के लिए संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित, पंजीकृत समस्त परिवारों के लिए दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में आठ प्रकार की दुर्घटनाओं यथा रेल, वायु, सड़क दुर्घटना, ऊंचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी वस्तु के गिरने, मकान के ढहने के कारण, थ्रेशर मशीन, कुट्टी मशीन, आरा मशीन, ग्लाईन्डर आदि से, बिजली के झटके, डूबने, जलने एवं रासायनिक द्रव्यों के छिड़काव से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु, क्षति होने पर अधिकतम दस लाख रुपए प्रति परिवार प्रति वर्ष आधार पर सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना के लाभार्थी परिवार बिना किसी मध्यस्थ के स्वयं के स्तर पर आसानी से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में दावा प्रस्तुत कर सकते है। किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने, कठिनाई आने पर बीमा विभाग के बारां जिला कार्यालय के सहायता केन्द्र नम्बर 7737498639, 07453-237060 पर अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806268 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।





ट्रेलर से पहले मेकर्स ने जारी किया 'थामा' का नया पोस्टर

# बड़ी खबर लेकर कल आएगी 'स्त्री'

**मैडॉक** के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' के ट्रेलर का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म 'थामा' को लेकर काफी बज बना हुआ है। फैंस फिल्म के बारे में छोटी सी छोटी अपडेट तक जानना चाह रहे हैं। अब जबसे मेकर्स ने 26 सितंबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज करने की घोषणा की है, तब से फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक और नया पोस्टर जारी किया है।

### मेकर्स ने जारी किया फिल्म का नया पोस्टर

'थामा' के ट्रेलर को लेकर मेकर्स ने दर्शकों में काफी उत्साह बढ़ा दिया। मेकर्स ट्रेलर लॉन्च इवेंट को ग्रैंड बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। अब मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज से एक दिन पहले फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में आयुष्मान और रश्मिका दोनों ही नजर आ रहे हैं। पोस्टर में रश्मिका इंटेंस लुक में दिख रही हैं, जबकि आयुष्मान डरे हुए से रश्मिका के कंधों पर सवार हैं। कंधे पर बैग टांगे आयुष्मान काफी घबराए हुए लग रहे हैं। आसपास में पेड़ और जंगल नजर आ रहा है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, 'स्त्री आएगी और THAMMAKE वाली न्यूज लाएगी।' थामा के ट्रेलर की गिनती शुरू, सिर्फ एक दिन है बाकी।

# पेनकिलर्स लेकर नाश्ता करते थे सलमान



**बॉलीवुड** अभिनेता सलमान खान हाल ही में काजोल और ट्विंकल के शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल में नजर आए। इस शो के दौरान उन्होंने अपनी एक गंभीर बीमारी ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया के बारे में खुलकर बात की। हाल ही में सलमान खान ने अमेजन प्राइम के शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल में शिरकत की। इस दौरान भाईजान ने अपनी ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया नाम की तंत्रिका संबंधी बीमारी के बारे में खुलकर बताया। सलमान ने बताया कि उन्हें इस बिमारी के कारण दांतों में बहुत तेज दर्द होता था कि उन्हें एक ऑमलेट खाने में उन्हें डेढ़ घंटा लग जाता था। टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल शो के दौरान सलमान खान ने बताया कि एक समय उन्हें ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया बीमारी थी। जिसके कारण उन्हें बहुत तेज दर्द होता था। इस दर्द ने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को बहुत मुश्किल कर दिया था। सलमान ने कहा, इस बीमारी के साथ जीना पड़ता है। यह दर्द इतना भयानक था कि मैं नहीं चाहता कि मेरे सबसे बड़े दुश्मन को भी ऐसा दर्द हो। साढ़े सात साल तक मुझे हर 4-5 मिनट में तेज दर्द होता था।



# करीना कपूर ने शुरू की मेघना-पृथ्वीराज के साथ अपनी 68वीं फिल्म दायरा की शूटिंग

**करीना** कपूर ने निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म दायरा की शूटिंग शुरू कर दी है। आज करीना ने फिल्म के सेट से पहले दिन का एक खास वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान, जो 25 साल से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने अपनी 68वीं फिल्म दायरा की शूटिंग शुरू कर दी है। जिसकी एक खास झलक करीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है।

# दीपिका ने इशारों में बताई कल्कि...के सीक्वल से बाहर होने की सच्चाई

**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अब कल्कि एडी 2898 के सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। यह फिल्म पहले भाग की सफलता के बाद दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है, लेकिन अब इसके दूसरे भाग में दीपिका नजर नहीं आएंगी। इस खबर की पुष्टि खुद फिल्म के निर्माताओं ने की। वैजयंती मूवीज ने पोस्ट में लिखा, कल्कि एडी 2898 जैसी फिल्म को पूरे समर्पण की जरूरत होती है। लंबे समय तक साथ काम करने के बावजूद, इस बार हमारे और दीपिका के बीच साझेदारी नहीं बन पाई। इसलिए यह फैसला लेना पड़ा। हम दीपिका को उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए शुभकामनाएं देते हैं।



हालांकि, फैंस इस फैसले के पीछे की असली वजह पर काफी अटकलें लगा रहे हैं। माना जा रहा है कि दीपिका पादुकोण अपनी अन्य फिल्मों और ब्रांड कमिटमेंट्स में बिजी हैं, जिस कारण वह कल्कि सीक्वल को समय नहीं दे पा रही हैं। मेकर्स के इस फैसले के बाद दीपिका ने इंस्टाग्राम पर एक रहस्यमय पोस्ट साझा किया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, फिल्म की सफलता से ज्यादा जरूरी यह होता है कि आप किन लोगों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह इस वक्त शाहरुख खान की फिल्म किंग की शूटिंग में व्यस्त हैं। दीपिका ने लिखा, 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान शाहरुख ने मुझे सिखाया था कि फिल्म बनाते वक्त का अनुभव और आपकी टीम सबसे ज्यादा मायने रखती है। गौरतलब है कि कल्कि एडी 2898 में दीपिका ने सुमति नाम की महिला का अहम किरदार निभाया था। उनका किरदार एक प्रेग्नेंट महिला का था, जो एक वैज्ञानिक प्रोजेक्ट का हिस्सा थी और जिसे भविष्य में कल्कि नामक महायोद्धा की मां बनने की भविष्यवाणी से जोड़ा गया था। उनकी भूमिका को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, दीपिका की नई फिल्म किंग का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं और इसमें शाहरुख खान एक डॉन की भूमिका में हैं, जो अपनी बेटी को खतरनाक दुनिया में जीना सिखाते हैं।



# श्रीराम पर बनेगी एनिमिटेड फिल्म, कुणाल कपूर-मौनी रॉय देंगे आवाज

भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' का निर्माताओं ने एलान कर दिया है। साथ ही घोषणा की गई है कि कुणाल कपूर और मौनी रॉय इसमें अपनी आवाज देंगे।

भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' का निर्माताओं ने एलान कर दिया है। साथ ही घोषणा की गई है कि कुणाल कपूर और मौनी रॉय इसमें अपनी आवाज देंगे। इतना ही नहीं मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है।

मेकर्स ने गुरुवार के दिन एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम का एलान किया है। इस फिल्म में कई दिग्गज एक्टर्स अपनी आवाज देंगे।

फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बनेंगे, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे। ये कलाकार अपनी वॉइस से दर्शकों को मोहित कर सकते हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

यह फिल्म इसी साल दीवाली के मौके पर रिलीज किया जाएगी, जब भगवान श्रीराम के रंग में पूरा देश रंगा होता है। महायोद्धा राम फिल्म 17 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। साथ ही आपको बताते चलें कि ये फिल्म 3 डी वर्जन में दर्शकों को देखने को मिलेगी, जो शानदार अनुभव प्रदान करने का वादा करता है।



# रानी मुखर्जी ने पिता को समर्पित किया नेशनल अवॉर्ड

अभिनेत्री रानी मुखर्जी को हाल ही में फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। अवॉर्ड मिलने पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अपने 30 साल के करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतना एक भावुक क्षण है। रानी ने यह सम्मान अपने दिवंगत पिता राम मुखर्जी को समर्पित किया।

नेशनल फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रानी मुखर्जी को मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्रदान किया। आशिमा छिब्बर द्वारा निर्देशित यह फिल्म मार्च 2023 में रिलीज हुई। अवॉर्ड मिलने पर रानी ने कहा एक अभिनेत्री के रूप में अपने 30 साल के सफर में पहला राष्ट्रीय पुरस्कार पाकर मैं सचमुच अभिभूत हूं। यह सम्मान मेरे लिए मेरी दुनिया है। मैं इसे अपने दिवंगत पिता को समर्पित करना चाहती हूं, जिन्होंने हमेशा मेरे लिए इस पल का सपना देखा था।

### मां से मिली प्रेरणा

47 साल की अभिनेत्री ने बयान में कहा आज मुझे उनकी बहुत याद आ रही है और मैं जानती हूं कि यह उनका आशीर्वाद और मेरी मां की प्रेरणा है, जिसने मुझे श्रीमती चटर्जी की भूमिका निभाने में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने प्रशंसकों और मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के कलाकारों और क्रू के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

### फैंस का शुक्रिया अदा किया

रानी मुखर्जी ने कहा मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे की पूरी टीम ने इस शक्तिशाली कहानी में अपना दिल लगा दिया। मैं उनमें से प्रत्येक के प्रति बहुत आभारी हूं। मेरे फैंस हर उतार-चढ़ाव में मेरे साथ खड़े रहने के लिए आपका धन्यवाद। आपका अटूट प्यार और समर्थन मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रही है। मैं जानती हूं कि यह पुरस्कार आप सभी के लिए कितना मायने रखता है। यह देखकर मुझे बहुत खुशी और आनंद मिलता है कि आप कितने खुश हैं।

# भस्म आरती में शामिल हुए संजय दत्त उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना



**बॉलीवुड** अभिनेता संजय दत्त ने उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती में हिस्सा लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। गुरुवार सुबह बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में नवरात्रि उत्सव के दौरान भस्म आरती में भाग लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। जहां वे साधारण पारंपरिक पोशाक में अन्य भक्तों के साथ भक्ति में डूबे दिखे। संजय को मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती करते हुए देखा गया। महाकालेश्वर मंदिर मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में है और यह भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि यहां का शिवलिंग स्वयंभू है, जो अपनी शक्ति से प्रकट हुआ है। मध्य प्रदेश में एक और ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर, भी है, जो महाकालेश्वर से करीब 140 किमी दूर है। यह मंदिर, भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक, शिप्रा नदी के तट पर स्थित है और इसका विशेष धार्मिक महत्व है।



# सान्या मल्होत्रा ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीत का अनोखे अंदाज़ में किया सेलिब्रेट

कटहल के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद, स्टार कलाकार सान्या मल्होत्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपनी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में क्यों शामिल हैं। उनका सोशल मीडिया कैप्शन – कटहल नहीं मिला तो क्या हुआ, राष्ट्रीय पुरस्कार तो मिल गया – इस जश्न के मूड को बखूबी बयां करता है, जो उनके प्रशंसकों और फिल्म जगत के बीच लंबे समय से इंतज़ार था। लेकिन यह सफलता कोई अकेली उपलब्धि नहीं है। सान्या का 2025 का सफर असाधारण संतुलन का प्रतीक है – 'सैम बहादुर' और शाहरुख़ ख़ान की 'जवान' में उनके प्रदर्शन को भी राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाज़ा गया। चाहे भावनात्मक गहराई वाले किरदार हों या बड़े पैमाने पर बनी व्यावसायिक फ़िल्में – सान्या ने दिखा दिया कि वे हर क्षेत्र में निपुण हैं। जहां 'कटहल' ने उन्हें आलोचनात्मक सराहना और राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाया, वहीं उनकी आने वाली फिल्में 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और एक ऐक्शन-कॉमेडी फ़िल्म (जिसकी शूटिंग इस साल शुरू होगी) उनके मेनस्ट्रीम स्टारडम को और मजबूत करती हैं।

# विक्की जैन का बॉलीवुड डेब्यू, पत्नी अंकिता ने दी बधाई



**टीवी** सीरियल 'पवित्र रिश्ता' से मशहूर हुईं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति भी अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। वह यामी गौतम और इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म हक से बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे आप पर बहुत गर्व है, प्यारे पति विक्की जैन। आपका हर कदम, आपकी हर उपलब्धि मुझे और भी ज्यादा उत्साहित करती है। अब इस अद्भुत फिल्म हक के सहयोगी निर्माता के रूप में आपकी लगन, कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता पहले से कहीं ज्यादा चमक रही है। उन्होंने फिल्म की टीम की सराहना करते हुए आगे लिखा, पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। विनीत सर, यामी, इमरान हाशमी, वर्तिका सिंह, संदीप, विशाल, जूही और इसमें शामिल सभी लोग। आप सभी को शुभकामनाएं। यह फिल्म लोगों के दिलों को छू लेगी और मैं इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हूं। 7 नवंबर को यह रिलीज होने वाली है, तारीख याद रखें। अंकिता ने आगे लिखा, संदीप सिंह, आप मेरे परिवार का हिस्सा हैं। एक प्रमुख अभिनेत्री के रूप में मेरी पहली फिल्म आपके साथ थी और अब विक्की के सफर के साथ। हमारा यह संबंध और भी मजबूत होने जा रहा है। आपके साथ होना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। हमेशा आगे बढ़ते रहें।

# राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बहुत सकारात्मक संबंध हैं : अमेरिकी अधिकारी

**» न्यूयॉर्क, भाषा।**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बहुत, बहुत सकारात्मक संबंध हैं और दोनों नेताओं की मुलाकात होगी। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने यह बात कही और रेखांकित किया कि अगली क्वाड शिखर बैठक इस वर्ष के अंत या अगले वर्ष कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। भारत इस बार क्वाड शिखर बैठक में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के नेताओं की मेजबानी करेगा। पिछली क्वाड शिखर बैठक 2024 में अमेरिका के विलमिंगटन, डेलावेयर में हुई थी। विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा, जहां तक आगामी बैठक की बात है, मैं राष्ट्रपति की ओर से कोई भी घोषणा पहले से नहीं करना चाहता, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि आप दोनों (प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप) की मुलाकात होते हुए देखेंगे। अधिकारी ने कहा, उनके बीच बहुत, बहुत सकारात्मक संबंध हैं। हम क्वाड शिखर बैठक की योजना पर काम कर रहे हैं। यह किसी न किसी समय होगी, यदि इस वर्ष नहीं तो अगले साल की शुरुआत में होगी। तारीख (तय करने) पर काम चल रहा है।**



उन्होंने अमेरिका-भारत के बीच वर्तमान सम्पर्क को अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि आने वाले महीनों में लगातार सकारात्मक प्रगति की उम्मीद की जा सकती है। अधिकारी ने कहा, हमारे बीच कुछ मतभेद हैं। पिछले कुछ सप्ताह में यह स्पष्ट हो गया है कि हम इन मतभेदों को दूर करने को लेकर काम कर रहे हैं, खासकर व्यापार और रूसी तेल की खरीद को लेकर। हम इनके समाधान को लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने इस ओर ध्यान दिलाया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की बधाई देने के लिए फोन किया था और उस बातचीत को बहुत सकारात्मक बताया। राजनयिक मोर्चे की चर्चा करते हुए अधिकारी ने कहा कि भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में नामित और दक्षिण और मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर, राष्ट्रपति ट्रंप के बेहद करीबी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी नियुक्ति की जल्द ही पुष्टि की जाएगी और उसके बाद वह नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत होंगे। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि ट्रंप भारत अमेरिका संबंधों को कितना महत्व देते हैं। अधिकारी ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ हुई बैठक को भी रेखांकित किया। सोमवार को हुई इस घंटे भर की बैठक को बेहद उपयोगी बताते हुए, अधिकारी ने कहा कि बातचीत में व्यापार, रक्षा और तकनीक जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के रिश्तों में थोड़ी खटास रही है किंतु अधिकारी ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने विचारों को लेकर स्पष्ट हैं और यदि वह किसी देश से हताश होते हैं तो इसे छिपाते नहीं हैं, जो अमेरिका की स्थिति को पारदर्शी बनाता है। उन्होंने कहा, हम अपने दोस्तों के साथ स्पष्ट रहते हैं और हम भारत को एक अच्छा दोस्त, भागीदार और भविष्य का सहयोगी मानते हैं। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद जारी रखने के मुद्दे पर अधिकारी ने स्वीकार किया कि यह मुद्दा इस सप्ताह रुबियो और जयशंकर की द्विपक्षीय बैठक में उठाया गया। अधिकारी ने कहा, यह मुद्दा हर बैठक में उठाया जाता है... राष्ट्रपति पूरी तरह स्पष्ट हैं। वह यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं। वह नहीं चाहते कि रूस की कोई आय हो... उन्होंने यह बात अपने यूरोपीय साझेदारों और भारत, दोनों से स्पष्ट रूप से कही है। हमने इस बात को हर अवसर पर उठाया है कि हम (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन को प्राप्त होने वाली राजस्व रेखा (आय) को समाप्त करना चाहते हैं। यह पूछे जाने पर कि अमेरिका चीन पर ऐसा ही दबाव क्यों नहीं बना रहा, अधिकारी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन बीजिंग के साथ अपने तरीके से निबट रहा है और वहां भी इसी प्रकार के संदेश (अमेरिका द्वारा लिए जाने वाले कड़े फैसले) सुने जा सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि भारत पर ट्रंप प्रशासन द्वारा लगातार जो दबाव डाला जा रहा है वह यूरोपीय संघ सहित कुछ अन्य देशों पर डाले जा रहे इसी तरह के दबाव से अलग नहीं है और उन्हें भी इसी प्रकार के कठिन संदेश (कड़े निर्णय) दिए जा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी संसद में पेश एक विधेयक का उल्लेख किया, जिसमें रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के प्रस्तावों को देखते हुए वाशिंगटन ने वर्तमान में 25 प्रतिशत का जो शुल्क लगा रखा है, वह इतना बुरा प्रतीत नहीं होता। अधिकारी ने कहा, हम इन देशों पर दबाव डालते रहेंगे ताकि वे रूसी ऊर्जा से होने वाली आय को बंद करें। अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जिससे भारतीय निर्यात पर कुल अमेरिकी शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह शुल्क अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए शुल्क की तुलना में सबसे अधिक में से एक है। विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा कि अमेरिका अभी तक भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका ने ईरान स्वतंत्रता एवं प्रसार रोधी कानून (आईएफसीए) के तहत दी गई छूटों को समाप्त कर दिया है। इसके तहत अफगानिस्तान में पुनर्निर्माण कार्यों के अंतर्गत चाबहार बंदरगाह का भारत द्वारा किए जाने वाले उपयोग के लिए दी गई छूट भी वापस ले ली गई हैं। इसी बात को विस्तार देते हुए अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति (ईरान पर) अधिकतम दबाव की नीति वाले अभियान पर लौट रहे हैं... और इसके साथ ही न केवल भारत बल्कि सभी देशों के लिए चाबहार बंदरगाह तक पहुंच की अनुमति रद्द कर दी गई है। आईआरजीसी (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर) को जो भी आय होगी, उस पर अब प्रतिबंध लगाए जाएंगे, जिनमें चाबहार बंदरगाह (से होने वाली आय) भी शामिल है। एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा एच1बी वीजा आवेदकों के लिए हाल में घोषित 100,000 डॉलर के शुल्क का है जिसके बारे में अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस मुद्दे पर भारत के साथ सम्पर्क बनाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह शुल्क केवल नए आवेदकों के लिए है, वर्तमान एच1बी वीजा धारकों के लिए नहीं है। अधिकारी ने कहा, हमने भारत को यह बात स्पष्ट कर दी है। हमें अब तक कोई खास आपत्ति नहीं मिली है। देखेंगे कि यह कैसे चलता है। इसका एक मकसद आवेदन प्रक्रिया में धोखाधड़ी को रोकना है।

### भारतीय विदेश मंत्री कल संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे

## जयशंकर ने मेक्सिको, साइप्रस, प्रशांत द्वीपीय देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

**» न्यूयॉर्क, भाषा।**

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर मेक्सिको, साइप्रस और प्रशांत द्वीपीय देशों के अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में इन बैठकों के बारे में बताते हुए जयशंकर ने कहा कि उन्होंने बुधवार को मेक्सिको के विदेश मंत्री जुआन रेमन डे ला फूएंते से मुलाकात की और दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए अपने हालिया आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने और एक नया खाका तैयार करने पर सहमत हुए। उन्होंने साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस के साथ भी बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्वीपीय देश की यात्रा के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की।**



जयशंकर ने कहा, यूरोप के घटनाक्रमों पर उनके विचारों की सराहना करता हूं। संयुक्त राष्ट्र के सहमत ढांचे और प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्तावों के अनुसार साइप्रस समस्या के व्यापक और स्थाई समाधान के लिए समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने यह भी कहा कि वह जल्द कोम्बोस का भारत में स्वागत करने को लेकर उत्सुक हैं। विदेश मंत्री ने बुधवार को यहां आयोजित एफआईपीआईसी (भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच) विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) के दौरान कई प्रशांत द्वीपीय देशों के नेताओं से भी मुलाकात की। उन्होंने मार्शल द्वीप समूह के विदेश मंत्री कलानी कानेको, तुवालु के विदेश मंत्री पॉलसन पनापा और पलाऊ के विदेश मंत्री गुस्ताव ऐतारो से मुलाकात की, गर्मजोशी से बातचीत की और प्रशांत क्षेत्र के साथ जुड़ाव के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जयशंकर ने सोलोमन द्वीप समूह के विदेश मंत्री पीटर शनेल अगोवाका के साथ भी बातचीत की और टोंगा के प्रधानमंत्री डॉ. आइसाके वालु एक के साथ चर्चा की। विदेश मंत्री 27 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे।

## कश्मीर भारत-पाक का मामला, दखल देने में हमारी कोई रुचि नहीं : अमेरिका

**न्यूयॉर्क, भाषा।** अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीधा मुद्दा है और अमेरिका की इस मामले में दक्षिण एशिया के दो पड़ोसियों के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है। विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि यह अमेरिका की दीर्घकालिक नीति है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीधा मुद्दा है। हालांकि अधिकारी ने कहा कि यदि अमेरिका से किसी मुद्दे पर सहयोग मांगा जाता है तो वह मदद के लिए तैयार है। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने पर्याप्त मसले हैं और हम इसे (कश्मीर मुद्दे को) भारत और पाकिस्तान पर छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें भारत और पाकिस्तान के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रुकवाया है। विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि यह सच है कि अमेरिका उस संकट में शामिल था और उसने निश्चित रूप से युद्ध विराम कराने में मदद की थी। भारत का कहना है कि वह आतंकवाद जैसे मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ अपनी बातचीत में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करना चाहता, क्योंकि उसका मानना है कि ये द्विपक्षीय ही रहने चाहिए।



## दुनिया में मानव इतिहास की सबसे विनाशकारी शस्त्रों की दौड़ में चल रही : जेलेंस्की

**» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।**

**यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने विश्व नेताओं से कहा कि दुनिया में मानव इतिहास की सबसे विनाशकारी शस्त्र दौड़ चल रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को रूस के खिलाफ तुरंत कार्वाई करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूरोप में अपने युद्ध का विस्तार करना चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में जेलेंस्की ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी कमजोर अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं यूक्रेन, गाजा और सूडान में युद्धों को रोकने में विफल रही हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून राष्ट्रों को बचाने के लिए पर्याप्त नहीं है। यूक्रेनी नेता ने कहा, सिर्फ हथियार और दोस्त ही सुरक्षा की गारंटी देते हैं। जेलेंस्की से एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया था और इस दौरान यूक्रेन के प्रयासों के प्रति समर्थन जताया और रूस की आलोचना की थी।**



ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि उन्हें विश्वास है कि यूक्रेन, रूस के हाथों गंवाए सभी क्षेत्रों को वापस हासिल कर सकता है। यह बयान उनके पहले के रुख से अलग है, जब उन्होंने बार-बार युद्ध समाप्त करने के लिए कीव को रियायतें देने की अपील की थी। जेलेंस्की ने अमेरिका के इस बदले रुख पर कोई टिप्पणी नहीं की और बस इतना कहा कि उनकी ट्रंप तथा कई अन्य मजबूत नेताओं के साथ अच्छी मुलाकात हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुतिन को अब नहीं रोका गया, तो युद्ध और व्यापक होगा। जेलेंस्की ने कहा कि पहले ड्रोन का उपयोग प्रमुख देशों द्वारा किया जाता था लेकिन अब हजारों लोग हैं जो जानते हैं कि ड्रोन का उपयोग करके पेशेवर रूप से कैसे हत्या की जाती है। जेलेंस्की ने कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित हथियारों के लिए वैश्विक नियमों की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि यह परमाणु हथियारों के फैलाव को रोकने जितना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक देशों की भागीदारी वाली उनकी गठबंधन प्रणाली नई सुरक्षा संरचना तैयार कर रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

## बैंकाक में सड़क धंसने से बना विशाल खड्ड, यातायात हुआ बाधित

**» बैंकाक, भाषा।**



**बैंकाक में सड़क का एक हिस्सा ढह जाने से एक बड़ा खड्ड बन गया, जिससे यातायात बाधित हुआ, आधारभूत ढांचे को नुकसान पहुंचा और आसपास के क्षेत्र को फौरन खाली कराना पड़ा। बैंकाक के गवर्नर चाडचार्ट सिट्टीपंट ने बताया कि बुधवार को हुए इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि अधिकारियों का मानना है कि यह हादसा एक भूमिगत रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य के कारण हुआ। सड़क के ढहने के वीडियो में सड़क का हिस्सा धीरे-धीरे धंसता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे बिजली के कई खंभे गिर गए और पानी के पाइप क्षतिग्रस्त हो गए।**

जैसे-जैसे खड्ड बड़ा होता गया और चार लेन वाली सड़क पूरी तरह से कट गई। खड्ड का एक किनारा एक पुलिस थाने के ठीक सामने तक फैल, जिससे उसकी भूमिगत संरचना दिखाई देने लगी। पास के एक अस्पताल ने कहा है कि वह दो दिनों के लिए बाह्य रोगी सेवाएं बंद कर देगा। बैंकाक शहर के अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल की संरचना प्रभावित नहीं हुई है, लेकिन पुलिस थाना और आस-पास की अन्य इमारतों को खाली करने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने इलाके में बिजली और पानी भी काट दिया है। चाडचार्ट ने कहा कि संबंधित अधिकारी इस गड्ढे को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि भारी बारिश से और नुकसान होने की आशंका है।

## ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में तिहरी साजिश की जांच की मांग की

**» न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा।**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन खतरनाक घटनाओं की जांच की मांग की है जिनमें एक घटना तब हुई जब वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप एस्केलेटर पर थे और वह अचानक रुक गया। उन्होंने इसे तिहरी साजिश बताया। ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र को खुद पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा, कल संयुक्त राष्ट्र में बड़ी अपमानजनक घटनाएं हुईं- एक नहीं, दो नहीं, बल्कि तीन बहुत भयावह घटनाएं।**





पहली घटना तब हुई जब ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप मुख्य सभागार तक जाने के लिए एस्केलेटर पर चढ़े, तो स्वचालित सीढ़ियां अचानक रुक गईं, जिससे दोनों को खुद चलकर ऊपर जाना पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह पलक झपकते ही रुक गया। गनीमत रही कि मेलानिया और मैं मुंह के बल आगे नहीं गिरे। हम दोनों ने मजबूती से हैंडरेल पकड़ा हुआ था, वरना एक बड़ा हादसा हो जाता। यह पूरी तरह से साजिश थी। ट्रंप ने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद जब ट्रंप संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 80वें सत्र को संबोधित करने के लिए मंच पर चढ़े तो टेलीप्रॉम्प्टर खराब हो गया। ट्रंप ने बिना टेलीप्रॉम्प्टर के 57 मिनट का भाषण दिया। हालांकि, 15 मिनट बाद टेलीप्रॉम्प्टर फिर से काम करने लगा। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि भाषण को शानदार समीक्षाएं मिली हैं। शायद लोग इस बात की कद्र करते हैं कि बहुत कम लोग वह कर सकते थे जो मैंने किया। तीसरी बात ट्रंप ने कहा कि उन्हें अपना भाषण समाप्त करने के बाद बताया गया कि महासभा के सभागार में ध्वनि पूरी तरह बंद थी और विश्व के नेता कुछ भी सुन नहीं पा रहे थे, सिवाय दुभाषिए के ईयरपीस के उपयोग के। उन्होंने कहा कि जब भाषण समाप्त करने के बाद उन्होंने मेलानिया से पूछा, मैने कैसा किया? तो उन्होंने कहा कि मैंने आपकी एक भी बात नहीं सुनी। ट्रंप ने कहा कि यक घटनाएं महज संयोग नहीं थीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र में तिहरी साजिश थीं और इस संस्था को खुद पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इस पत्र की एक प्रति संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भेज रहा हूं, और मैं तत्काल जांच की मांग करता हूं। इसमें हैरानी नहीं है कि संयुक्त राष्ट्र वह काम नहीं कर पाया जिसके लिए इसे स्थापित किया गया था। ट्रंप ने द लंदन टाइम्स की एक खबर का भी जिक्र किया जिसमें बताया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन को लेकर संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों ने मजाक में कहा था कि वे एस्केलेटर और लिफ्ट बंद कर कर सकते हैं और राष्ट्रपति को यह बता सकते हैं कि उनके पास पैसे खत्म हो गए हैं, इसलिए उन्हें सीढ़ियों से ऊपर जाना होगा।

## उत्तर पश्चिमी वेनेजुएला में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया

**» काराकस (वेनेजुएला), भाषा।**

**उत्तर पश्चिमी वेनेजुएला में बुधवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि भूकंप का केंद्र राजधानी काराकस से 600 किलोमीटर पश्चिम में जूलिया राज्य में मेने ग्रांडे समुदाय से 24 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में जमीन से 7.8 किलोमीटर की गहराई में था। कई राज्यों और पड़ोसी देश कोलंबिया में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। कई लोगों ने सीमा के पास के इलाकों में आवासीय और कार्यालय भवनों को खाली कर दिया।**

किसी भी देश में तुरंत किसी नुकसान की सूचना नहीं मिली। जिस वक्त भूकंप आया उस समय सरकार के स्वामित्व वाले टेलीविजन पर राष्टपति निकोलस मादुरो के नेतृत्व में विज्ञान केंद्रित एक कार्यक्रम प्रसारित हो रहा था। भूकंप के वक्त या उसके बाद कार्यक्रम का प्रसारण जारी रहा। एक घंटे बाद संचार मंत्री फ्रेडी सैनेज ने टेलीग्राम ऐप पर घोषणा की कि राज्य के वेनेजुएला फाउंडेशन फॉर टेक्नोलॉजिकल रिसर्च ने 3.9 और 5.4 की तीव्रता वाले दो भूकंपों की सूचना दी है।

## सिंगापुर और भारतीय शिपयार्ड ने तटीय सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**सिंगापुर, भाषा।** सिंगापुर की सीट्रियम ऑफशोर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एसओटी) ने एशिया भर में तटीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता और जहाज मरम्मत कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां अपनी पूरक शक्तियों - एसओटी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विशेष उपकरण और तटीय समाधान एवं सीएसएल के व्यापक बुनियादी ढांचे, निर्माण सुविधाओं और जहाज मरम्मत विशेषज्ञता को व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करेंगी। एसओटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह साझेदारी एशिया में ग्राहकों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। एसओटी ने कहा कि एमओयू पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए गए, जो पूरे एशिया में तटीय इंजीनियरिंग में एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाता है। दोनों कंपनियां इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख तटीय बाजारों में विस्तार के अवसरों का भी पता लगाएंगी। एसओटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख विंस्टन चेंग ने कहा, यह समझौता ज्ञापन, एशिया भर में अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के सीट्रियम के प्रयासों में एक रणनीतिक मील का पत्थर है, जहां भारत को दीर्घकालिक विकास के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में स्वीकारा गया है। उन्होंने कहा, हमारा साझा लक्ष्य भारत के ऊर्जा परिवर्तन का समर्थन करना, उसकी समुद्री क्षमताओं को बढ़ाना और सतत तटीय विकास को आगे बढ़ाने में सीट्रियम को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित करना है।



### सरकोजी 2007 में निर्वाचित हुए थे — अभियोजकों ने सात साल जेल की सजा की मांग की

## सरकोजी को लीबिया अभियान वित्तपोषण मामले में कुछ आरोपों में दोषी पाया गया

**» पेरिस, भाषा।**

**पेरिस की एक अदालत ने फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को लीबिया अभियान वित्तपोषण मामले में बृहस्पतिवार को कुछ आरोपों में दोषी पाया। हालांकि उन्हें सभी आरोपों में दोषी नहीं ठहराया गया। सरकोजी पर 2007 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए तत्कालीन लीबियाई नेता मुअम्मर गद्दाफी की सरकार से कथित तौर पर अवैध धन जुटाने का आरोप है। अदालत अभी भी अपने फैसले पर विस्तार से विचार कर रही है और उसने 70 वर्षीय सरकोजी को तत्काल सजा नहीं सुनाई है।**



सरकोजी दोषी ठहराए जाने के खिलाफ अपील कर सकते हैं, जिससे अपील लंबित रहने तक उनकी सजा निलंबित रहेगी। अभियोजकों ने सात साल जेल की सजा की मांग की है। सरकोजी अपनी पत्नी, गायिका और मॉडल कार्ला ब्रूनी-सरकोजी के साथ अदालत कक्ष में मौजूद थे। सरकोजी प्रतिवादी की सीट की अगली पंक्ति में बैठे थे। उनके तीन बेटे भी कक्ष में मौजूद थे। इस फैसले के साथ सरकोजी फ्रांस के पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं जिन्हें चुनाव जीतने के लिए अवैध विदेशी धन स्वीकार करने का दोषी पाया गया है। सरकोजी 2007 में निर्वाचित हुए थे, लेकिन 2012 में चुनाव हार गए थे। सरकोजी ने तीन महीने तक चले मुकदमे के दौरान सभी गलत कामों से इनकार किया, जिसमें तीन पूर्व मंत्रियों समेत 11 सह-प्रतिवादी भी शामिल थे। एक लीबियाई समाचार एजेंसी और स्वयं गद्दाफी ने कहा था कि लीबिया ने सरकोजी के 2007 के चुनाव अभियान में गुप्त रूप से लाखों यूरो का निवेश किया था। सरकोजी ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित और जाली सबूतों पर आधारित बताते हुए खारिज किया। एक अन्य मामले में, सरकोजी को पिछले साल 2012 में अपने असफल चुनाव अभियान में अवैध वित्तपोषण का दोषी ठहराया गया था। उन पर अधिकतम वैध राशि से लगभग दोगुना खर्च करने का आरोप लगाया गया और उन्हें एक वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई, जिसमें से छह महीने निलंबित कर दिए गए थे।

### फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी को अपील करने पर भी जेल जाना पड़ेगा: पेरिस अदालत

**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और कहा कि यदि वह अपील भी करते हैं तो भी उन्हें जेल में रहना पड़ेगा। सरकोजी पर 2007 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए तत्कालीन लीबियाई नेता मुअम्मर गद्दाफी की सरकार से कथित तौर पर अवैध धन जुटाने का आरोप था। लीबिया की सरकार से कथित अवैध चुनावी वित्तपोषण मामले में सरकोजी के खिलाफ मुकदमा चल रहा है, जिसमें उनके दोषी पाए जाने के बाद अदालत ने बृहस्पतिवार को यह कहा। अदालत ने कहा कि उनकी कैद की तारीख बाद में तय की जाएगी ताकि 70 वर्षीय सरकोजी को पुलिस अधिकारियों द्वारा अदालत कक्ष से बाहर ले जाकर सीधे जेल भेजने के अपमान से बचाया जा सके।

## शरीफ ने न्यूयॉर्क में बांग्लादेश व श्रीलंका के नेताओं से मुलाकात की

**» इस्लामाबाद, भाषा।**

**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। यह जानकारी बृहस्पतिवार को दी गई। यह बैठकें बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के इतर हुईं, जहां तीनों नेता विश्व निकाय के सत्र में भाग लेने के लिए मौजूद थे। पाकिस्तान के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यूनुस के साथ शरीफ की गर्मजोशी भरी और सौहार्दपूर्ण बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने पाकिस्तान-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और व्यापार, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।**



इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री शरीफ ने बांग्लादेश के साथ सार्थक और दूरदर्शी संबंध बनाने के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो आपसी सम्मान, विश्वास और क्षेत्रीय शांति और समृद्धि की साझा आकांक्षाओं में निहित हैं। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई बैठक के दौरान, यूनुस ने रिश्तों को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान की पहल की सराहना की और द्विपक्षीय व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला। बयान में कहा गया है, बैठक एक सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण माहौल में हुई, जो दोनों देशों की अपने लोगों की भलाई और दक्षिण एशिया की स्थिरता के लिए मिलकर काम करने की आपसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एक अन्य बयान के अनुसार, शरीफ ने राष्ट्रपति दिसानायके से संयुक्त राष्ट्र में श्रीलंका के स्थाई मिशन में मुलाकात की। इसके मुताबिक, बैठक में बातचीत के दौरान उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, द्विपक्षीय व्यापार, शैक्षिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और रक्षा सहयोग सहित कई क्षेत्रों को शामिल किया गया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,